●वर्ष : 16 ●अंक : 109 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित बुधवार 07 अगस्त 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# तो क्या अब भारत में ही रहेंगी शेख हसीना



## लंदन जाने पर फंसा पेच



### >> शेख हसीना पर क्या है ब्रिटेन का रुख?

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने सोमवार को लंदन में एक बयान में कहा कि बांग्लादेश ने पिछले कुछ हफ्तों में बड़े स्तर पर हिंसा और जान-माल की दुखद हानि देखी है। देश के लोग संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में पूर्ण और स्वतंत्र जांच के हकदार हैं।

### >> ब्रिटेन जाने पर क्यों फंसा पेच?

सूत्रों ने बताया कि पूर्व पीएम हसीना अपनी बहन रेहाना के साथ अस्थाई शरण के लिए भारत से लंदन जाने वाली थीं, लेकिन अब वह अन्य विकल्पों पर विचार कर रही हैं, क्योंकि ब्रिटेन सरकार ने संकेत दिया है कि उन्हें मौजूदा हालातों में ब्रिटेन में कानूनी सुरक्षा नहीं मिल सकती है। ब्रिटेन सरकार ने हसीना द्वारा ब्रिटेन में राजनीतिक शरण मांगने की खबरों पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। गृह कार्यालय के सूत्रों ने केवल यह संकेत दिया है कि देश के आव्रजन नियम विशेष रूप से शरण लेने के लिए व्यक्तियों को ब्रिटेन आने की अनुमति नहीं देते हैं।

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के लंदन जाने की योजना मंगलवार को कुछ अनिश्चितताओं के कारण टाल दी गई है। अगले कुछ दिनों तक पूर्व पीएम शेख हसीना के भारत से बाहर जाने की संभावना नहीं है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि वह दिल्ली आने के बाद लंदन रवाना हो गई हैं। प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद सोमवार को हिंडन एयरबेस पर पहुंचीं हसीना को एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया और उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है।

### >> शेख हसीना ने क्यों लिए भारत में रहने का फैसला?

मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि शेख हसीना ने भारत को अपने संभावित भावी कदमों के बारे में जानकारी दे दी है। यह भी पता चला है कि हसीना के परिवार के सदस्य फिनलैंड में भी हैं और इसीलिए उन्होंने उत्तरी यूरोपीय देश जाने पर भी विचार किया है। सूत्रों ने कहा कि हसीना की यात्रा योजनाओं में कुछ अड़चन आ गई हैं और वह अगले कुछ दिनों तक भारत में ही रह सकती हैं। उन्होंने स्थिति को गतिशील भी बताया और कहा कि इस मामले में कोई निश्चित रास्ता या स्पष्टता नहीं है।

### >> शेख हसीना ने क्यों लिया था लंदन जाने का फैसला?

माना जाता है कि लंदन शेख हसीना का पसंदीदा अंतिम गंतव्य है। रणनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि स्थिति ब्रिटेन के लिए पेचीदा है, जिसने पूर्व में हसीना के दिवंगत पिता शेख मुजीबुर रहमान को बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद जनवरी 1972 में पाकिस्तानी जेल से रिहा होने पर शरण देने की पेशकश की थी।

### >> शेख हसीना ने पीएम पद से दिया इस्तीफा

ब्रिटेन सरकार ने पिछले कुछ हफ्तों में बांग्लादेश में हुई हिंसक घटनाओं की संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में जांच कराये जाने की मांग की है। हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया और उन्हें ब्रिटेन में कथित तौर पर शरण मांगने से पहले फिलहाल देश छोड़कर भारत जाना पड़ा।

### >> रेहाना की बेटी ब्रिटिश संसद की सदस्य

हसीना ने लंदन जाने का फैसला इसलिए किया, क्योंकि रेहाना की बेटी ट्यूलिप सिद्दीक ब्रिटिश संसद की सदस्य हैं। ट्यूलिप वित्त मंत्रालय में आर्थिक सचिव हैं और हैम्पस्टेड और हाईगेट से लेबर पार्टी की सांसद हैं।

### >> शेख हसीना ने बनाई थी ये योजना

बता दें कि सोमवार को अवामी लीग की नेता शेख हसीना ने भारत के रास्ते लंदन जाने की योजना बनाई थी और उनके सहयोगियों ने हिंडन पहुंचने से पहले भारतीय अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया था।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### बांग्लादेश में चीन और आईएसआई ने मिलकर जो साजिश रची थी, वह सफल हो गयी है

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हो गया और कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से अपने घर में नजरबंद खालिदा जिया की रिहाई का आदेश भी आ गया। यदि आप बांग्लादेश में हाल में घटी सारी घटनाओं की कड़ियों को जोड़ेंगे तो पाएंगे कि यह सब कुछ तय पटकथा के हिसाब से हुआ है। इसलिए शेख हसीना सरकार का जाना और खालिदा जिया का कैद से बाहर आना भारत के लिए चिंताजनक खबर है। पहले ही डुरंड लाइन के नाम से मशहूर भारत और अफगानिस्तान सीमा तथा पाकिस्तान व चीन से लगती सीमाओं पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और अब बांग्लादेश से लगती सीमाओं पर भी सुरक्षा हालात चुनौतीपूर्ण हो गये हैं। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम घटा है यदि उसे आप भारत के परिप्रेक्ष्य में देखेंगे तो पाएंगे कि हमें घेरने के लिए चीन और पाकिस्तान जो प्रयास लंबे अर्से से कर रहे थे उसमें वह कुछ हद तक कामयाब हो गये हैं। दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। दुश्मनों को लगता है कि भारत ने आतंक और उग्रवाद पर काबू पाने में जो सफलता पाई है कैसे उसे विफल करा जाये। इसके लिए वह तमाम तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं और सीधी लड़ाई से बचते हुए दायें या बायें से वार करना चाहते हैं। दुश्मन को जम्मू-कश्मीर की शांति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति नहीं भा रही है। दुश्मनों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंक और उग्रवाद को हवा देने के लिए तथा भारत को इस दंश से जूझने के लिए जो कड़ी मेहतन की थी उस पर पिछले दस सालों में पानी फेर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी कमांडरों और अलगाववादियों का सफाया हो चुका है। पूर्वोत्तर क्षेत्र भी अपेक्षाकृत शांत हो गया है। वहां के कई उग्रवादी संगठन सरकार से समझौता कर मुख्यधारा के जीवन में लौट आये हैं। उग्रवादी और आतंकी संगठनों को मिलने वाली टैरर फंडिंग पर भी रोक लग गयी है। जाहिर है यह सब पाकिस्तान और चीन को नहीं भा रहा था। खासतौर पर शेख हसीना के कार्यकाल में जिस तरह बांग्लादेश सरकार भारत को वरीयता देती थी उससे भी चीन नाखुश रहता था। ऐसे में चीन इस ताक में था कि कैसे इस स्थिति को बदला जाये। चीन को परेशान देख पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मदद के लिए प्रस्ताव रखा और फिर योजनाबद्ध तरीकों से चीजों को आगे बढ़ाया गया।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## केरल में पद्मश्री पुरस्कार विजेता गिरफ्तार

# वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद पुलिस ने लिया एक्शन

नूना न्यूज एजेंसी



**(केरल)।** केरल के व्यवसायी और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुंदर सी मेनन को जिले में कथित वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्हें रविवार को राज्य पुलिस की जिला अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया था और स्थानीय अदालत द्वारा रिमांड पर लेने के बाद यहां जिला जेल भेज दिया गया था। पुलिस के अनुसार, 2016 में नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले मेनन पर दो फर्मों के नाम पर लोगों से जमा स्वीकार करने के संबंध में वित्तीय धोखाधड़ी के 18 मामले दर्ज हैं, जिनमें वह निदेशकों में से एक थे। पुलिस ने बताया कि उसने विभिन्न लोगों से कथित तौर पर 7.78 करोड़ रुपये स्वीकार किए, लेकिन योजनाओं की परिपक्वता अवधि के बाद भी पैसे वापस नहीं किए। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि आरोपी ने 62 से अधिक निवेशकों से जमा स्वीकार करके धोखाधड़ी की, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मानदंडों का उल्लंघन किया और परिपक्वता अवधि के बाद भी राशि वापस नहीं करके उन्हें धोखा दिया। पुलिस ने बताया कि बीयूडीएस (अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध) अधिनियम के तहत मेनन और कंपनी के अन्य निदेशकों की संपत्तियां जब्त कर ली गई हैं तथा उन्हें कुर्क करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

# बांग्लादेश हिंसा में क्या विदेशी ताकत का हाथ है?

## राहुल गांधी के सवाल पर जयशंकर ने दिया जवाब

नूना न्यूज एजेंसी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में सियासी तख्तापलट के बाद भारत में भी चिंता बढ़ गई है। वहीं, आज विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की और नेताओं को बांग्लादेश में चल रहे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक के दौरान बांग्लादेश में हाल ही में हुई घटनाओं को देखते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने विदेश नीति के भविष्य को लेकर चिंता जताई। बैठक में राहुल गांधी ने सरकार द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद राष्ट्रीय हित में उठाए गए कदमों के प्रति अपना समर्थन जताया। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या इस घटना में विदेशी ताकतें शामिल थीं। उन्होंने कहा कि वहां अल्पसंख्यकों की स्थिति एक बड़ी चिंता बनी हुई है, उनकी संपत्तियों पर हमलों की खबरें आ रही हैं। सर्वदलीय बैठक के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत की दीर्घकालिक और अल्पकालिक रणनीति के बारे में पूछा। सरकार ने कहा कि यह एक प्रगतिशील स्थिति है और वे इसका विश्लेषण कर रहे हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने सरकार से इस मामले में विदेशी ताकतों की संभावित संलिप्तता पर भी सवाल किया। केंद्र सरकार ने कहा कि सभी बिंदुओ पर जांच की जा रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संसद में एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की और नेताओं को बांग्लादेश में चल रहे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। सर्वदलीय बैठक के सूत्रों ने एएनआई को बताया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना किस तरह भारत आ गई हैं और भारत बांग्लादेशी नेता का किस तरह ध्यान रखेगा।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर सरकार-विपक्ष एकमत

## सर्वदलीय बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



### कुछ करीबी रिश्तेदार के साथ हसीना ने ली भारत में शरण

हसीना के साथ हिंडन एयरफोर्स बेस पहुंचे उनके करीबी लोगों के बारे में भी सवाल हुए तो विदेशमंत्री ने कहा कि कुछ करीबी रिश्तेदार उनके साथ आए हैं मगर इनकी संख्या का खुलासा करना मुनासिब नहीं होगा। बांग्लादेश की पूर्व पीएम के ब्रिटेन, फिनलैंड और दुबई में राजनीतिक शरण की चचाओं पर भी सवाल हुए जिस पर विदेशमंत्री ने कहा कि हसीना की इन देशों से बातचीत चल रही है।

नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भविष्य को लेकर भारत उनसे बातचीत कर रहा है मगर रणनीतिक वजहों से इसका खुलासा नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश में हो रहे गंभीर हिंसक आंदोलन के पीछे चीन-पाकिस्तान और अमेरिका की भूमिका से जुड़े पहलुओं का भी भारत गहराई से आकलन कर रहा है। इसके मद्देनजर ही भारत ने बांग्लादेश के ताजा हालत पर रणनीतिक निगाहें रखते हुए अपनी सेना और केंद्रीय सुरक्षा बलों को सीमा पर हाई अलर्ट कर रखा है। तख्ता पलट के बाद भारत पहुंची शेख हसीना के साथ केवल उनकी बहन रेहाना ही नहीं बल्कि कई करीबी रिश्तेदार भी साथ आए हैं। बांग्लादेश के घटनाक्रम पर मंगलवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं की चिंताओं और सवालों पर इन तथ्यों से रूबरू कराते हुए सरकार ने उन्हें भरोसे में लिया। बांग्लादेश में तख्तापलट से फैली अराजक स्थिति के बीच शेख हसीना के भारत में आने के एक दिन बाद ही केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विदेशमंत्री एस जयशंकर ने ताजा हालात से विपक्षी नेताओं को रूबरू कराया।

### >> 'भारत स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है'

सूत्रों के अनुसार विदेशमंत्री ने बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों से लेकर वहां बाहरी हस्तक्षेप की स्थिति में भारत की रणनीति पर चर्चा की। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश के हिंसक घटनाक्रमों के रणनीतिक पहलुओं से जुड़ा सवाल पूछते हुए कहा कि क्या सरकार को इस तरह के उथल-पुथल का कुछ पुवार्नुमान था और क्या इसके पीछे ढाका से बाहर की ताकतों विशेष रूप से चीन-पाकिस्तान की भूमिका के बारे में कोई जानकारी है। सूत्र के अनुसार जयशंकर ने कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और बाहरी ताकतों की बात है तो अभी पाकिस्तान के एक राजनयिक के मोबाइल में बदले हुए डीपी के बारे में जानकारी है जो विद्रोह को समर्थन देने के उनकी रुझान को दशार्ता है जिसकी हम पड़ताल कर रहे हैं।

### >> भारत सरकार की इसे रोकने की क्या रणनीति है?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ मंदिरों पर हमले पर चिंता जताते हुए नेता विपक्ष ने पूछा कि भारत सरकार की इसे रोकने की क्या रणनीति है? विदेशमंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे तथा उनकी संपत्तियों को नष्ट किया जा रहा है और सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएगी। बांग्लादेश के सेना प्रमुख से लेकर उनकी आथरिटी के साथ संपर्क बना हुआ है। बांग्लोदश की पूर्व पीएम के भारत में रहने से लेकर राजनीतिक शरण को लेकर भी सवाल हुए और सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने पूछा कि शेख हसीना से उनके भविष्य को लेकर सरकार की क्या बातचीत हुई है? जयशंकर ने इस पर कहा कि हसीना से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में बातचीत हुई है मगर इसका खुलासा नहीं किया जा सकता।

### >> भारत में कुछ दिन और रह सकती हैं हसीना

सूत्रों ने बताया कि विपक्षी नेताओं को जो संकेत दिए गए उसके मुताबिक ब्रिटेन में राजनीतिक शरण में अभी कुछ अवरोधक हैं जिसमें हसीना को कानूनी बचाव का कवच देने का मसला है। बांग्लादेश में उनके खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंचों की निगरानी में जांच की संभावनाओं को देखते हुए कानूनी कवच देने की गारंटी देने के लिए ब्रिटेन अभी राजी नहीं हुआ है। ऐसे में राजनीतिक शरण का फैसला होने में थोड़ा वक्त लग सकता है और हसीना अभी भारत में कुछ दिन और रह सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि वर्तमान चचाओं के हिसाब से शेख हसीना को फिलहाल दुबई में राजनीतिक शरण मिलने की संभावनाएं ज्यादा हैं।

### विपक्षी नेताओं ने सरकार को पूरा समर्थन देने का दिया भरोसा

सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं ने बांग्लादेश मुद्दे पर राजनीतिक लाइन से इतर सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया और कहा कि राष्ट्रीय हित के मामले में हम सब एक साथ हैं। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंधोपाध्याय ने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र के हर निर्णय के साथ है मगर उनका आग्रह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बांग्लादेश से जुड़े मामले की जानकारी देकर उनको भरोसे में लिया जाए। सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश घटनाक्रम पर राजनीतिक दलों के मिले समर्थन को विदेशमंत्री ने पहले एक्स पर पोस्ट और फिर संसद में दिए बयान में खुले रूप में स्वीकार करते हुए कहा कि सर्वसम्मति से मिले समर्थन और समझ की वे सराहना करते हैं।

# बालू-गिट्टी सहित अन्य लघु खनिजों के अवैधकताओं की अब खैर नहीं : विजय कुमार सिन्हा

## अवैध खनन की रोकथाम में सामाजिक योद्धा भी बनेंगे सरकार के भागीदार: विजय कुमार सिन्हा

>> अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम में नवाचार, अब आम नागरिक भी बनेंगे भागीदार : विजय कुमार सिन्हा

>> जनभागीदारी के जरिये अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाएगी सरकार : विजय कुमार सिन्हा






**राकेश कुमार, वरिष्ठ संवाददाता, लोकतंत्र की शान**

**पटना:** आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में बालू-गिट्टी सहित अन्य लघु खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन संबंधी आसूचना तथा कार्रवाई के लिए सूचनादाताओं को पुरस्कार देने की योजना को स्वीकृति दे दी गई। इसके संबंध में उपमुख्यमंत्री-सह-खान एवं भूतत्व मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार ने बालू-गिट्टी सहित अन्य लघु खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में बड़ी पहल की है। आज कैबिनेट ने अवैध खनन की रोकथाम में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त लोगों के संबंध में सूचना देने वाले आम नागरिकों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। आसूचना सटीक होने से अवैध खनन तथा परिवहन पर त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। जिससे अवैधकताओं को चिह्नित भी किया जा सकेगा और नियम संगत कार्रवाई के जरिये अवैध प्रचालनों को पूरी तरह हतोत्साहित भी किया जा सकेगा। अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर जैसे छोटे वाहनों के लिए सटीक सूचना देने वालों को उनकी पहचान गुप्त रखते हुए 5000 रुपए की प्रोत्साहन(पुरस्कार) राशि दी जाएगी वहीं ट्रक एवं अन्य बड़े वाहनों की सही सूचना देने वालों को 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि सरकार की ओर से दिया जाएगा। सरकार के इस पहल से सुशासन के प्रयासों से हमारे 'सामाजिक योद्धा' सीधे तौर पर जुड़ पाएंगे। प्रोत्साहन राशि के प्रावधान से ईमानदार लोगों के बीच सकारात्मक संदेश तो जाएगा ही साथ ही खनन उद्योग में स्वस्थ प्रतियोगिता भी विकसित होगी । यह उपभोक्ता और उद्यमी दोनों के लिए फायदे की स्थिति होगी। खनन गाड़ियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी गाड़ियों पर 20 इंच चौड़ाई की लाल पट्टी पेंट कराई जा रही है । जिस पर गाड़ी का नम्बर एवं खनन विभाग का रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित होगा। गाड़ियों की पहचान सुनिश्चित करने की यह प्रक्रिया 31अगस्त तक पूरी करा ली जाएगी। आम नागरिक विभाग की ओर से जारी दो मोबाइल नंबरों- 94731-91437 तथा 99395-96554 पर बिना भय के अवैध खनन एवं परिवहन की जानकारी दे सकेंगे। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि पिछली कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार द्वारा बालू की ऑनलाइन बिक्री के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। इसे निष्पादित करने के लिए 2 महीने में 'बालू मित्र' नामक समर्पित वेब पोर्टल का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके माध्यम से राज्यभर के उपभोक्ताओं को एक समान मानक मूल्य पर बालू की आपूर्ति हो पाएगी । श्री सिन्हा ने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध की गई कार्रवाई के दौरान जब्त बालू की नीलामी भी सरकार कराने जा रही है। इसके लिए न्यूनतम सुरक्षित मूल्य का निर्धारण विभागों के 'शिडयूल ऑफ रेट' अथवा भोजपुर एवं अन्य जिले के विभिन्न बालू घाटों पर निर्गत चालान के दर को आधार मानकर किया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि इन तामम कार्रवाई के माध्यम से सरकार अवैध खनन एवं व्यापार पर 'जीरो टॉलरेंस' का स्पष्ट संदेश देना चाहती है। किसी भी स्तर पर कोई भी अवैधकर्ता बख्शा नहीं जाएगा। इस दिशा में हमने मजबूत पहल कर दी है। चंद दिनों में धरातल पर इसका स्पष्ट प्रभाव जनता देखेगी। सरकार राज्य में खनन परिदृश्य को स्वस्थ, समेकित और स्वच्छ बनाने के लिए कृतसंकल्प है।

## सार संक्षेप

### बोल्ट ने लॉन्च की क्लैरिटी सीरीज, लग्जरी ट्रू वायरलेस टेक्नोलॉजी में छलांग

नई दिल्ली, अगस्त : बोल्ट ने डिजाइन और ऑडियो तकनीक में नए मानक स्थापित करते हुए अपने खास टीडब्लूएस क्लैरिटी 1 और 3 के लॉन्च की घोषणा की है। क्लैरिटी सीरीज विलासिता, कार्यक्षमता और प्रतिष्ठित डिजाइन का एक आदर्श मिश्रण प्रस्तुत करती है, जो ऑडियो उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित कर रही है। नवीनतम क्लैरिटी 3 ट्रू वायरलेस ईयरबड्स अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ आपके ऑडियो अनुभव में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। 50 डीबी तक के हाइब्रिड एक्टिव नॉइज कैंसलेशन, क्रिस्टल-क्लियर कॉल के लिए 6 एडवांस्ड माइक्रोफोन और बोल्ट एएमपी के जरिए सहज ऐप कनेक्टिविटी के साथ, ये ईयरबड्स सुविधा और कस्टमाइजेशन को फिर से परिभाषित करते हैं। डुअल डिवाइस पेयरिंग और ब्लूटूथ 5.4 लाइटनिंग-फास्ट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हैं, जबकि स्पैटियल ऑडियो एक आकर्षक साउंडस्टेज प्रदान करता है। प्रीमियम फिनिश के साथ ओब्सीडियन ब्लैक और स्मोकी मेटल में उपलब्ध, टीडब्लूएस आपको लाइटनिंग बोल्ट तकनीक के साथ 50 घंटे तक का प्लेटाइम और लाइटनिंग-फास्ट चार्जिंग का आनंद लेने की अनुमति देता है।

### बहला-फुसलाकर सोने के कड़े चुराने वाला पैरोल पर आया कैदी गिरफ्तार, सोने के दोनों कड़े बरामद

करनाल अगस्त। बुजुर्ग महिला को बहला फुसलाकर कड़े चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। निसिंग निवासी एक बुजुर्ग महिला ने थाना शहर करनाल में शिकायत दी कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बातों में लगा बहला फुसलाकर उसके हाथों से सोने के कड़े निकलवा लिए और उन्हें लेकर फरार हो गया। सुचना मिलते ही थाना शहर टीम मौके पर पहुंची व मुदईया की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व साइबर की सहायता से आरोपी राजन गौतम निवासी गोगडीपूर करनाल को पुराने बस स्टैंड के पास करनाल से गिरफ्तार किया, उनके द्वारा आरोपी को अदालत के सामने पेशकर एक दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया। इस संबंध में प्रबंधक थाना शहर सुल्तान सिंह ने कहा कि दौराने रिमांड आरोपी द्वारा अपने घर पर छुपाए गए बुजुर्ग महिला से चुराए सोने के दोनों कड़े बरामद करवाए गए। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी इस प्रकार के 06 मामले दर्ज हैं, जिनमें से कई मामलों में वह सजा हो चुका है और वह हाल ही में पैरोल पर जेल से बाहर आया था। सुल्तान सिंह ने कहा कि आरोपी की रिमांड अवधी समाप्त होने पर उसे माननीय अदालत के सामने पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल करनाल भेज दिया गया।

### हिमांशु भाऊ गैंग का गुर्गा गिरफ्तार, चोरी की ब्रेजा कार-देसी पिस्तौल बरामद : गाड़ी पर लगी मिली जाली नंबर प्लेट

सोनीपत, अगस्त। एसटीएफ टीम ने गांव कुमासपुर स्थित देवीलाल पार्क के बाहर से हिमांशु भाऊ गैंग के गुर्गे को तमंचे व चोरी की ब्रेजा गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान झज्जर के बहादुरगढ़ स्थित गांव कुलासी निवासी अंकित उर्फ चोटीवाला के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। एसटीएफ सोनीपत में नियुक्त हवलदार प्रदीप कुमार ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। उन्होंने देखा कि एक युवक ने ब्रेजा गाड़ी को ताऊ देवीलाल पार्क के सामने सर्विस रोड पर खड़ा कर रखा है। वह संदिग्ध अवस्था में बैठा था। पुलिस को देखकर वह युवक उठा और गाड़ी में सवार होकर जाने की कोशिश करने लगा। जिस पर शक के आधार पर पुलिस ने उसे काबू कर लिया। युवक ने अपनी पहचान अंकित उर्फ चोटीवाला के रूप में दी। उसने बताया कि वह विदेश में बैठे हिमांशु उर्फ भाऊ व साहिल रिटौली गैंग का सदस्य है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने देखा कि गाड़ी पर दिल्ली की नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस ने चेसिस नंबर की जांच की तो गाड़ी की नंबर प्लेट अलग थी। जांच करने गाड़ी पर जाली नंबर प्लेट लगी मिली। गाड़ी के मालिक की पहचान पश्चिम दिल्ली के रमेश नगर निवासी दीपक चोपड़ा के रूप में हुई।

# ग्रेनो में आवासीय ग्रुप हाउसिंग व संस्थागत प्लॉट्स की स्कीम शुरू

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा, अगस्तः उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देते हुए नागरिकों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं तक पहुंच बनाने का फैसला लेते हुए ग्रेटर नोएडा में अब रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग व इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन के लिए नई स्कीम की शुरूआत की है।

इस सम्बन्ध में सरकार के आदेश के बाद ग्रेटर नोएडा के 19 रिहाइशी ग्रुप हाउसिंग व 9 इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत रेजिडेंशियल स्कीम के तहत सेक्टर 18, सेक्टर 17 और सेक्टर 22 डी में प्लॉट प्राप्त कर बिल्डर्स रेजिडेंशियल टाउनशिप डेवलप कर सकेंगे। वहीं, इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के तहत सेक्टर 17, सेक्टर 18, सेक्टर 20, सेक्टर 22ई व सेक्टर डी में हॉस्पिटल, नर्सिंग होम व नर्सरी स्कूलों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा लायी गई इन स्कीमों के अंतर्गत सितंबर महीने में सभी आवंटन प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया जाएगा। इतना ही नहीं, सितंबर में ही यीडा द्वारा 361 रेजिडेंशियल प्लॉट्स के आवंटन का ड्रॉ भी निकाला जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत, 32,375 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर के हिसाब से 19 रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसके जरिए बिल्डर्स के पास इसे वर्ल्ड क्लास एमिनिटीज से युक्त टाउनशिप में विकसित करने का मौका होगा। इस दौरान 11,513.72 से लेकर 48,564 स्क्वेयर मीटर प्रसार वाले प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। ये प्लॉट्स ऐसी स्ट्रैटेजिक लोकेशन पर हैं जहां से एफ-1 व मोटो जीपी ट्रैक, यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क व डेडिकेटेड एमएसएमई, एपेरल, हैंडीक्राफ्ट्स तथा टॉय पार्क क्लोज प्रॉग्जिमिटी में होंगे। रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग प्लॉट स्कीम से इतर, यीडा की इंस्टीट्यूशनल प्लॉट स्कीम के अंतर्गत सेक्टर 20 में 5,000 स्क्वेयर मीटर एरिया में चाइल्ड वेलफेयर व मटर्निटी सेंटर तथा सेक्टर 22ई व सेक्टर 20 के 10,115 तथा 10,900 स्क्वेयर मीटर एरिया में हॉस्पिटल का निर्माण प्रशस्त होगा। वहीं, सेक्टर 17, सेक्टर 18 व सेक्टर 22डी में 1,000 से लेकर 2,750 स्क्वेयर मीटर एरिया में नर्सिंग होम का निर्माण व विकास होगा। चाइल्ड वेलफेयर व मटर्निटी सेंटर, हॉस्पिटल तथा नर्सिंग होम संबंधी प्लॉट्स के लिए 22,770 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से 2.27 से लेकर 24.81 करोड़ रुपए के बीच रिजर्व्ड प्राइस रखा गया है। इसी प्रकार, 15,020 रुपए प्रति स्क्वेयर मीटर की दर से सेक्टर 17 व 22डी में 1,000 से लेकर 1,500 स्क्वेयर मीटर एरिया के प्लॉट्स का आवंटन भी नई स्कीम के जरिए होगा जिसमें प्लॉट्स का रिजर्व प्राइस 1.50 से 2.25 करोड़ के बीच रखी गई है।

# जमात-ए-इस्लामी हिंद की बांग्लादेश में शांति और हिंसा समाप्त करने की अपील



सीनियर रिपोर्टर/अब्दुल हफीज





नई दिल्ली : जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) के अध्यक्ष सैयद सादतुल्लाह हुसैनी ने बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की है और बांग्लादेश में इस आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से देश में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करने की अपील की है। मीडिया को दिए गए एक बयान में, सैयद सादतुल्लाह हुसैनी ने कहा, "जमात-ए-इस्लामी हिंद बांग्लादेश में चल रही स्थिति और क्षेत्र के लिए इसके दूरगामी परिणामों पर गहरी चिंता व्यक्त करती है। बांग्लादेश में मौजूदा अशांति शेख हसीना सरकार के शासन के प्रति तानाशाही और क्रूर दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष परिणाम है। जनवरी 2024 में बांग्लादेश में होने वाले चुनाव अनुचित प्रथाओं के व्यापक आरोपों से प्रभावित हुए, जिसके कारण पूरे विपक्ष ने चुनावी प्रक्रिया का बहिष्कार किया। इसने लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर दिया और राजनीतिक व्यवस्था में जनता का भरोसा खत्म कर दिया। इसके अलावा, प्रतिशोध की राजनीति के माध्यम से असहमति की आवाजों को चुप कराने के लिए पिछली सरकार के प्रयास बेहद परेशान करने वाले थे, जिसमें प्रमुख विपक्षी नेताओं को अन्यायपूर्ण तरीके से कैद किया गया, जिससे लोकतांत्रिक विमर्श को नुकसान पहुंचा और राजनीतिक तनाव बढ़ा। जे आई एच अध्यक्ष ने आगे कहा, "प्रदर्शनकारी छात्रों के प्रति शेख हसीना शासन की प्रतिक्रिया अत्यधिक हिंसक और दमनकारी थी, जो युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले उपायों के समान थी। जमात-ए-इस्लामी हिंद बांग्लादेश के शीर्ष अधिकारियों से देश में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करने और लोगों का विश्वास जीतने वाली अंतरिम सरकार बनाने का आह्वान करती है।

### फाइजर ने टीकाकरण के लिए आर्टेमिस हॉस्पिटल के साथ गठबंधन किया

गुरुग्राम, अगस्त : फाइजर इंडिया और आर्टेमिस हॉस्पिटल ने गुरुग्राम के आर्टेमिस हॉस्पिटल में वयस्कों के टीकाकरण के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलने के लिए सहयोग किया है। इस सीओई का उद्देश्य टीकाकरण से बचाव वाली बीमारियों के लिए वयस्क टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध कराना है। उनमें न्यूमोकोकल रोग, इन्फ्लूएंजा, ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) और हेपेटाइटिस ए और बी, जैसी बीमारियां शामिल हैं। ये सीओई चिकित्साकर्मियों को समय पर वयस्क टीकाकरण के वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित फायदों और आवश्यकता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देने में अहम भूमिका निभा पाएगा। खासकर जिन लोगों को ज्यादा जोखिम है जैसे फेफड़े की क्रॉनिक समस्या (सीओपीडीडी एवं अस्थमा), डायबिटीज, क्रॉनिक हृदय रोग, क्रॉनिक किडनी रोग और इम्युन को प्रभावित करने वाली अन्य समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए ऐसा करना ज्यादा महत्वपूर्ण है। ऐसे लोग जिन्हें धूम्रपान, प्रदूषण का खतरा है या फिर जिनकी उम्र 50 वर्ष या उससे अधिक है उनके लिए भी सुरक्षात्मक कदम के रूप में चिकित्साकर्मियों के साथ वयस्क टीकाकरण के बारे चर्चा करने से लाभ मिलेगा।

### अमेजन ने ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा की

फरीदाबाद, अगस्त : अमेजन डॉट इन के बहु-प्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल 6-11 अगस्त 2024 के दौरान आजादी का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। इस साल उपभोक्ता कलाकारों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, ब्राण्ड्स एवं स्थानीय स्टोर्स सहित विभिन्न विक्रेताओं की ओर विभिन्न कैटेगरीज जैसे स्मार्टफोन, कन्ज्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन, ब्यूटी असेन्शियल्स, होम एण्ड किचन, बड़े अप्लायन्सेज, टेलीविजन आदि में लाखों प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। उपभोक्ता जाने-माने ब्राण्ड्स जैसे पोको, सैमसंग, वनप्लस, बोट, सोनी, एलजी, फायर टीवी स्टीक , प्लेस्टेशन, हैवल्स, विप्रो, लिवाइस, लैक्मे, कैडबरी, कोलगेट, आदि पर बेहतरीन ऑफर्स का फायदा पा सकते हैं। इसके अलावा एसबीआई क्रेडिट कार्ड एवं ईएमआई लेनदेन के साथ तुरंत 10 फीसदी अतिरिक्त छूट का लाभ भी उठा सकते हैं।

मामला बस्तियात क्षेत्र के क नाम के बुकी का

# 12 वर्ष पहले पाई-पाई का मोहताज था बुकी

## शहर के मशहूर अस्पताल के डाक्टर के कहने पर विवादित जगह को करवाया था खाली

चंडीगढ़, अगस्तः आज के समय में अरबों का मालिक बना बैठा बस्तियात क्षेत्र का क नाम का बुकी आज से 12 वर्ष पहले पाई-पाई का मोहताज था। बुकी की लाइफ में टर्निंग प्वाइंट सैंट्रल हलके से संबंधित व नामक पहलवान लेकर आया था। पहलवान बुकी को विवादित जगहों को खाली करने के कांट्रैक्ट देता था। और इन जगहों को खाली करवाकर बुकी ने खूब धन बटोरा है।

कई वर्ष पहले शहर के एक मशहूर अस्पताल के मालिक (डाक्टर) ने भी अपनी एक विवादित जगह को बुकी व उसके साथियों द्वारा खाली कराया था। और यहीं से बुकी के अच्छे दिनों शुरू हो गए थे। बुकी के बाहुबल की चर्चा चारों ओर हो गई थी। सूत्र बताते हैं कि उन दिनों शहर के कई बदमाशों का बुकी के साथ मेलमिलाप होने लग गया था।



कौन?

यह वही समय था जब गैंगस्टर पुनीत शर्मा और नरिंदर लल्ली बुकी के संपर्क में आए थे। लेकिन उस समय यह दोनों ही क्राइम की दुनिया में बड़ा नाम नहीं थे। अपने बाहुबल का जोर दिखाकर ही क नाम के व्यक्ति ने बुक की दुनिया में एंट्री मारी थी और देखते ही देखते जालंधर का टॉप बुकी बन गया था। सूत्र बताते हैं कि क नाम के इस व्यक्ति ने बुक के धंधे से बेअंत संपत्ति जोड़ी है।

### खुलासों के बाद बौखलाया बुकी, लोगों को खुद बता रहा यह उसी के खुलासे

दैनिक सवेरा द्वारा लगातार बुकी के बारे किए गए खुलासों के बाद बुकी पूरी तरह से बौखला गया है और हड़बड़ाहट में खुद ही लोगों को कहते फिर रहा है कि यह खुलासे उसके बारे में किए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि ऐसा करके बुकी खुद अपने बुक के धंधे और गैंगस्टर पुनीत शर्मा के साथ नजदीकियों को कबूल कर रहा है।

### शिक्षकों और छात्रों को प्रशिक्षण देकर स्वच्छता आदतों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गाजियाबाद, अगस्त : रेकिट ने अपने महत्वाकांक्षी अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत दिल्ली में डेटॉल स्कूल स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया है। जागरण पहल के सहयोग से, दिल्ली के 12 जोन के एमसीडी स्कूलों में इस पहल को लागू करने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए गए। इस पहल का लक्ष्य स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों सहित 45 लाख लाभार्थियों तक पहुंचना है, ताकि समाज को बेहतर वॉश (जल, स्वच्छता, और सफाई) व्यवहार और आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित और सशक्त बनाया जा सके। कैम्पेन एम्बेसडर आयुष्मान खुराना द्वारा लॉन्च किया गया, डेटॉल स्कूल स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम शिक्षकों और छात्रों को प्रशिक्षण देकर स्वच्छता आदतों को बढ़ावा देने और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिल्ली के स्कूलों में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। अभियान के हिस्से के रूप में, छात्रों को हाथ धोने के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए बजेगी घंटी, धुलेंगे हाथ अभियान के अनुरूप व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, डेटॉल साबुन, सैनिटाइजर और हैंडवॉश से सुसज्जित हाईजीन कॉर्नर्स स्थापित किए जाएंगे।

### कैटेलिस्ट मैनेजमेंट ने कैटेलाइजिंग सोशल इम्पैक्ट के दूसरे संस्करण का समापन किया

नई दिल्ली, अगस्त : कैटेलिस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज ने 1 और 2 अगस्त को डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में कैटेलाइजिंग सोशल इम्पैक्ट 2024 के दूसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। इस दो दिवसीय पावरहाउस फोरम में 300 से ज्यादा नागरिक समाज संगठन, सामाजिक प्रभाव निवेशक, सरकारी अधिकारी, नीति निर्माता और सामाजिक उद्यमी शामिल हुए। इसका उद्देश्य महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौतियों के लिए नए समाधानों को खोजना था। इस कार्यक्रम के दौरान भारत मौसम विज्ञान विभाग और द कैटेलिस्ट ग्रुप के तहत एक गैर-लाभकारी संस्था स्वस्ति, द हेल्थ कैटेलिस्ट के बीच एक समझौते पत्र पर हस्ताक्षर भी किए गए। इसके तहत विभिन्न कमजोर समुदायों के लिए खराब मौसम के कारण होने वाली दुर्घटनाओं एवं बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने का प्रयास किया जाएगा। दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने कैटेलाइजिंग सोशल इम्पैक्ट 2024 में मौसम और रोग ट्रैकर प्रोटोटाइप भी लॉन्च किया। इस आयोजन में कैटेलाइजिंग मैनेजमेंट सर्विसेज द्वारा सामाजिक सुरक्षा गठबंधन का भी शुभारंभ किया गया। यह महत्वाकांक्षी पहल भारत में सोशल प्रोटेक्शन कवरेज में गंभीर अंतर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करती है।

### कैप्सी द्वारा राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संस्कृति पर दूसरी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया

नई दिल्ली, अगस्त : सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राईवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री (कैप्सी) द्वारा शुक्रवार 2 अगस्त, 2024 को शाम 3 बजे कंस्टीट्यूशन क्लब, रफी मार्ग, नई दिल्ली में दूसरी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। 15 मार्च, 2024 को आयोजित की गई पहली राउंड टेबल में रक्षा, पुलिस, कॉर्पोरेट सिक्योरिटी क्षेत्र, शिक्षा जगत, और सिविल सोसायटी द्वारा सक्रिय हिस्सा लिए जाने के बाद हम इन वाताओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। पहली कॉन्फ्रेंस के दौरान विकसित की गई विस्तृत योजना को गृह मंत्रालय (एमएचए) से महत्वपूर्ण स्वीकृति मिल चुकी है। कैप्सी एवं एपीडीआई के चेयरमैन, कुंवर विक्रम सिंह ने कहा, 'राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संस्कृति का विकास करने के लिए ये राउंड टेबल हर हितधारक के लिए एक प्लेटफॉर्म की भूमिका निभाती हैं, जहां वो सहयोगपूर्ण और समावेशी तरीके से हिस्सा लेते हैं। विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों जैसे सरकारी अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सामुदायिक नेतृत्वकताओं, सुरक्षा व्यवसायियों, और कॉर्पोरेट नेतृत्वकर्ताओं एवं नागरिकों को एक साथ लाकर हमारा उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक सामूहिक समझ एवं सहयोग का विकास करना है।

### आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की जमानत याचिका खारिज



दिल्ली। उच्च न्यायालय ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से उपजे भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी उचित कारण के की गई। उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक की जमानत याचिका को निस्तारित कर दिया और उन्हें राहत के लिए अधीनस्थ अदालत में जाने की छूट प्रदान की। उच्च न्यायालय ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 17 जुलाई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने केजरीवाल और केंद्रीय एजेंसी के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद 29 जुलाई को आप नेता की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद थे। मुख्यमंत्री को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था और धन शोधन मामले में निचली अदालत ने 20 जून को उन्हें जमानत दे दी थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। उच्चतम न्यायालय ने 12 जुलाई को उन्हें धन शोधन मामले में अंतरिम जमानत दे दी थी।

### मनीष सिसोदिया को राहत नहीं! सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर फैसला रखा सुरक्षित

दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 'घोटाले' से जुड़े सीबीआई, ईडी मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आप नेता की जमानत याचिका का विरोध किया था, जिसमें दावा किया गया था कि उसके पास कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति "घोटाले" में उनकी "गहन संलिप्तता" दिखाने के लिए दस्तावेज हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सिसोदिया की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनीं। सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण एवं कार्यान्वयन में अनियमितताओं में कथित संलिप्तता को लेकर सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने उन्हें नौ मार्च 2023 को सीबीआई की प्राथमिकी से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी, 2023 को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने जमानत का अनुरोध करते हुए तर्क दिया है कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई अभी तक शुरू नहीं हुई है। ईडी और सीबीआई ने उनकी जमानत याचिका का विरोध किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने न्यायालय के समक्ष दावा किया कि एजेंसी के पास ऐसे दस्तावेज हैं, जो कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में सिसोदिया की गहरी संलिप्तता का प्रमाण देते हैं।

# फिल्म, टीवी, रंगमंच के 135 कलाकार लव कुश के मंच पर होंगे

- पहली बार श्री रामेश्वरम धाम मंदिर की थीम पर बने विशाल भव्य तीन मंजिला मंच पर प्रभु श्री राम की लीला का मंचन





जानकारी देते लव कुश रामलीला कमेटी के सदस्य।

नई दिल्ली, अगस्त : कंस्टिटयूंशन क्लब में आयोजित लव कुश रामलीला कमेटी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते हुए लीला के प्रेसीडेंट अर्जुन कुमार ने कहा देश में पहली बार श्री रामेश्वरम धाम मंदिर की थीम पर बने विशाल भव्य तीन मंजिला मंच पर प्रभु श्री राम की लीला का मंचन 03 से 13 अक्टूबर तक होगा और दशहरा पर्व 12 अक्टूबर को होगा। फिल्म इंडस्ट्री के 15 मशहूर स्टार्स के साथ साथ टीवी और रंगमंच के 120 कलाकारों द्वारा लीला मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया 180 फीट ऊंची क्रैनो द्वारा आकाश मार्ग में तीन विशाल रथो में श्री राम , लक्ष्मण, दूसरे रथ में श्री राम की सेना और तीसरे रथ में रावण सवार होंगे। आसमान में राम रावण युद्ध, रावण द्वारा सीता हरण, जटायु वध, हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाने से लेकर युद्ध के जीवंत एक्शन सीन देख राम भक्त दंग रह जाएंगे। लीला प्रेसिडेंट अर्जुन कुमार के अनुसार फिल्म स्टार हिमांशु सोनी ( फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया, टीवी राम सिया के लव कुश, अगर तुम ना होते, द्वारकाधीश श्री कृष्णा, आदि) प्रभु श्री राम का रोल करेंगे फिल्म एक्ट्रेस समीक्षा भटनागर ( फिल्म कैलेंडर गर्ल्स, पोस्टर बॉयज, टीवी देवों के देव महादेव आदि) माता सीता के रोल में, एक्टर कनन मल्होत्रा ( सूर्य पुत्र करण, चांद छुपा बादल में आदि) लक्ष्मण , और बी आर चोपड़ा के महाभारत सीरियल में भीम पुत्र घटोतकच से अलग इमेज बनाने वाले सवा 6 फीट के एक्टर केतन करांडे जो ठग्स ऑफ हिंदुस्तान, रेस 2, भोला, सहित 55 से ज्यादा फिल्मे कर चुके है लीला में महाबली हनुमान का रोल करेंगे।

### फ्लैट की दीवार पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्टर लगाने वाला व्यक्ति हिरासत में





दिल्ली। पुलिस ने रोहिणी में एक व्यक्ति को अपने फ्लैट की दीवार पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लिखने के लिए हिरासत में लिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमें स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि रोहिणी के अवंतिका सी-ब्लॉक इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने फ्लैट की दीवार पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लिखे हैं। शुरूआती जांच में पता चला कि वह व्यक्ति मानसिक रूप से स्थिर नहीं है और फ्लैट में अकेला रहता है। अधिकारी ने बताया कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि उस व्यक्ति का पाकिस्तान या किसी समूह से कोई संबंध तो नहीं है। पुलिस ने आरोपी के बारे में और जानकारी हासिल करने के लिए उसके परिवार के सदस्यों से संपर्क किया है। अधिकारी ने बताया कि उसके कमरे से आपत्तिजनक पोस्टर और बैनर जब्त किए गए हैं। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें कुछ स्थानीय लोग कथित तौर पर आरोपी के फ्लैट की दीवार पर लगे पोस्टर दिखा रहे हैं।

# एसपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल गजरौला में मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**गजरौला।** मंगलवार को नगर मे अहरौला तेजवन रोड रेलवे फाटक के निकट स्थित प्रगतिशील विद्यालय एसपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सीनियर वर्ग की छात्राओं ने भाग लिया, हरियाली तीज के मौके पर यह प्रतियोगिता विद्यालय में आयोजित की गई, इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का मनोबल बढ़ता है तथा समय-समय पर विद्यालय द्वारा ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहेगा, उन्होंने कहा कि जो बच्चे इस प्रतियोगिता में नहीं जीत पाए हैं वह और भी मेहनत करें जिससे आगे चलकर उन्हें प्रतियोगिता में जीत मिल सके, सीनियर वर्ग में अदिति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान जाह्नवी ने और तृतीय स्थान राधिका ने प्राप्त किया, निर्णायक मंडल में कोमल, हरजीत, लकी, विनीता शामिल रहीं, वही विजेता छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार एवं प्रधानाचार्य किरण शर्मा ने पुरस्कार देकर छात्राओं का उत्साह वर्णन किया।

# बेटी से हैवानियत करने वाला पिता गिरफ्तार, 12 साल की मासूम से कर रहा था अश्लील हरकत



**लोकतंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बेटी के साथ सगे पिता द्वारा किए जा रहे अश्लील कार्य को लेकर जब बेटी ने अपनी ताई को पूरी बात बताई तो उन्होंने परिजनों को बता दिया इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने नाबालिग बेटी के साथ गलत हरकत करने वाले पिता को गिरफ्तार कर लिया, वही बताया जा रहा है कि 3 साल पहले उसने अपनी पत्नी को भी घर से निकाल दिया था तथा कक्षा 6 में पढ़ने वाली 12 वर्षीय बेटी, छोटे पुत्र के साथ वह घर में रहता था शराब का आदि ग्रामीण दो माह से बच्ची के साथ गलत हरकत कर रहा था जिसकी उसने वीडियो भी बनाई थी वीडियो को लेकर वह बेटी को धमकी देता रहता था वही मामले का खूलासा होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, इस संबंध में कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत करने वाले पिता को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज न्यायालय के साथ पेश किया गया है न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# भारतीय किसान मजदूर संगठन ने उपजिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को हसनपुर उपजिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे किसान मजदूर संगठन के कार्यकताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी सुनीता कुमारी को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में किसानों ने विभिन्न समस्याओं का जिक्र करते हुए समस्याओं का निकरण करने की मांग की, जिसमें 1 अप्रैल 2023 के पश्चात किसानों के नलकूप के बिल माफ किए जाएं तथा जैसे मृतक किसान की जमीन उनके बारिश के नाम निशुल्क की जाती है उसी प्रकार किसान का विद्युत कनेक्शन उनके बारिश के नाम निशुल्क किया जाए, गांव में प्रीपेड मीटर लगाने से पूर्व किसानो की फसलों का भी नगद भुगतान किया जाए , मध्य गंगा नहर को चालू कर सिंचाई व्यवस्था शुरू की जाए, हसनपुर चीनी मिल की पेराई क्षमता वृद्धि को अभिलंब शुरू किया जाए, आवारा पशुओं को पड़कर गौशाला में भिजवाया जाए, ज्ञापन देने वालों में राजवीर सिंह, कर्मवीर सिंह, विवेक कुमार, संजीव कुमार, सत्य प्रकाश सिंह, राजपाल सिंह, ओमवीर सिंह, अशोक कुमार, नेपाल सिंह, वेद प्रकाश शर्मा प्रीतम सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**नगीनाः** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम नैनपुरा सराय निवासी बाबूराम पुत्र मौखा बाइक द्वारा अपने घर से नगीना रहा था। जब वह नगीना रोड पर पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगकर सड़क पर गिरने से हैलमेट ना होने के कारण उसके सर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

### सर्पदंश से हुई युवती की मौत

**स्योहाराः** सहसपुर कस्बे के मोहल्ला अफगान में एक युवती को उसी के घर में एक सांप ने डस लिया। युवती घर में ही उपले निकाल रही थी। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। एक सपेरे द्वारा जहरीले सांप को पकड़ा गया। सोमवार की दोपहर मोहल्ला अफगान निवासी समरीन 18 पुत्री नसीम अपने घर में उपलों की सफाई कर रही थी तभी उपलों में बैठे एक जहरीले प्रजाति के सांप ने उसको डस लिया। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजनों ने आनन-फानन में सिमरन को सीएचसी लाया गया जहां उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए उसको रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है रास्ते में ही युवती की मौत हो गई है। घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । उसके बाद एक सपेरे ने रेस्क्यू करते हुए सांप को पकड़ लिया। सपेरे ने बताया कि उक्त सांप बेहद खतरनाक प्रजाति का है जिसके डसने के बाद इंसान मुश्किल से ही बचता है।

### शराब पीना पड़ा भारी बाइक उठा ले गये चोर

**स्योहाराः** अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के बनियोवाला इस्लामनगर निवासी युवक स्योहारा किसी काम से आया था और जाते समय शराब पी कर सो गया। चोरों ने बाइक पर हाथ साफ किया। संदीप कुमार पुत्र हिमंचल सिंह निवासी बनियोवाला इस्लामनगर थाना अफजलगढ़ किसी कार्य से थाना स्योहारा क्षेत्र में आया था। संदीप ने ठाकुरद्वारा रोड पर शराब की दुकान पर पट्रोल पम्प के सामने शराब पी और वहीं पर अपनी बजाज पलेटिना मोटर साईकिल खड़ी कर दी और सो गया। जब उसकी आंख खुली तो मोटर साईकिल गायब थी। संदीप ने मोटर साईकिल को दाएं बाएं तालिश की परंतु मोटर साईकिल नहीं मिली। संदीप ने पुलिस में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया । थाना प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# एच एस एस पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के प्रगतिशील विद्यालय एच एस एस पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 से लेकर 12 तक की छात्रों ने भाग लिया छात्राओं ने बड़े ही आकर्षक एवं सुंदर तरीके से मेहंदी लगाई मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं आशुतोष अग्रवाल द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता एवं उप प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी, निर्णायक मंडल में रश्मि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, भावना पुडीयार, एवं चंद्रकला गौतम शामिल रही, प्रतियोगिता में विजयई छात्राओं में कक्षा 9 B हिफजा प्रथम, कक्षा 9 A की मुनीवा द्वितीय, 9A की मदीहा तृतीया, 10 C की खुशी चौहान प्रथम, 10 A की मलका सेकंड, 10 A की अनम थर्ड, 11 A की रियांशी फर्स्ट, 11 B की तूबा सेकंड, 11 C की नंदिनी तृतीय स्थान पर रही, 12 A की प्रियांशी फर्स्ट, 12 B की सनिया सेकंड, 12 C की राशि थर्ड स्थान पर रही।

# आम के बाग में लटका मिला युवक का सब, पत्नी से हुआ था विवाद



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर=** मंगलवार को कस्बा सैद नागली थाना क्षेत्र के एक गांव में आम के बाग में एक युवक का शब फांसी पर झूलता हुआ मिला मौके पर पहुंची पुलिस ने सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, बताया जा रहा है कि पत्नी से विवाद के बाद युवक 4 जुलाई से गायब था, थाना क्षेत्र के ग्राम कुंदरकी भूड निवासी सतीश चंद्र त्यागी के आम के बाग में ग्रामीणों ने 25 वर्षीय गांव निवासी चरण सिंह का सब रस्सी के सहारे लटकता हुआ देखा, ग्रामीणों का कहना है की पत्नी से अन बन के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी, मृतक 4 जुलाई की दोपहर से पत्नी से लड़ाई के बाद घर से गायब हो गया था, इस संबंध में थाना अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि फिलहाल मृतक के सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मौत की असली वजह पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी।

# स्टंट बाज ट्रैक्टर ,मोटरसाइकिल से आजमा रहे ताकत, वीडियो हुई वायरल

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में स्टंट बाज ट्रैक्टर एवं बाइक की ताकत आजमाते हुए एक वीडियो में नजर आए, वीडियो में स्टंट करने वालों को देखने की भीड़ भी नजर आई, ट्रैक्टर चालक यातायात नियमों को ताक पर रखकर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक दूसरे से ट्रैक्टर बांधकर ट्रैक्टरों को खींचते हुए नजर आए, वही एक वीडियो में दो बाइको में रस्सी बांधकर खींचने का भी वीडियो वायरल हुआ, बताते चलें कि तहसील क्षेत्र में लगातार स्टंट बाजी के नए-नए वीडियो सामने आ रहे हैं बाइक सवार युवक गंगा तट पर बाइको को रस्सी से बांधकर खींचते हुए नजर आ रहे हैं, इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा बताया गया कि दोनों ही स्टंट करने वाले वीडियो का मामला संज्ञान में है जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।

# सरस्वती पब्लिक स्कूल हसनपुर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के अमरोहा बस अड्डे के निकट स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल सरस्वती पब्लिक स्कूल एसपीएस में हरियाली तीज के मौके पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 5 से लेकर 8 तक के बच्चों ने प्रतिभा किया विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार ने विजय हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की, इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कंचन गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का हूनर निखरता है, इस मौके पर प्रधानाचार्य कंचन गुप्ता एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# संत रविदास की मूर्ति खंडित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नहटौर

**संत** रविदास की मूर्ति को खंडित करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया। ग्राम मिलक अमराबाद निवासी चमन पुत्र कन्हया सिंह बीते शुक्रवार की देर रात रविदास मंदिर पर गया और संत रविदास की मूर्ति को कई वार उठा-उठा कर पटका। इससे मूर्ति खंडित हो गई थी।

जब सुबह ग्रामीणों ने मूर्ति को देखा तो मूर्ति के हाथ एवं चेहरा बिल्कुल टूट गया था। ग्राम वासियों ने इकट्ठा होकर पंचायत की जिसके दौरान उसने सवेरे उठने के बाद सभी ग्राम वासियों को गाली दी और वहां से भाग गया। उसके बाद दर्जनों की तादाद में ग्रामीण थाने पहुंचे जिनमें भीम सिंह, सागर, ज्ञान सिंग, उदयराज सिंह, श्याम प्रशाद, महेन्द ,मोरारी, कुलदीप सिंह, मंजीत सिंह, राजकुमार, दीपक, भीम सिंह मौजूद रहे। सचिन कुमार पुत्र ने चमन पुत्र कन्हैया के विरुद्ध मूर्ति को खंडित करने की पुलिस को तहरीर सौंपी थी। पुलिस ने सोमवार को मूर्ति खंडित करने वाले आरोपी चमन को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।



गिरफ्तार आरोपी।

# बाइक सवार बदमाश महिला के कुंडल खींचकर फरार

**चांदपुर:** नगर के नूरपुर मार्ग स्थित जीएसटी ऑफिस के समीप देर शाम बाइक पर अपने पुत्र के साथ आ रही महिला के बाइक सवार दो बदमाश महिला के दोनों कानों के कुंडल छीनकर फरार हो गए। घटना से पुलिस विभाग में मचा हड़कंप। पीड़ित ने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला चिम्मन निवासी परवेन्दर पुत्र चंद्रपाल सिंह मुरादाबाद से अपनी बाइक से अपनी माता लक्ष्मी देवी के साथ चांदपुर आ रहा था। जैसे ही जीएसटी ऑफिस के पास देर शाम पहुंचा तो पीछे से पल्सर बाइक पर सवार दो युवक आए और बाइक में हल्की सी टक्कर मार दी। इसका विरोध लक्ष्मी देवी ने किया। बाइक सवार युवक बाइक पर बैठी महिला के दोनों कानों के कुंडल छीनकर मौके से फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परवेन्दर कुमार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैसला ने बताया कि घटना से इंकार किया। घटना बताई जा रही है वहां सीसीटीवी कैमरें लगे है। कैमरें में कुछ नही है। घटना फर्जी है।

# पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़, एक दबोचा

## बदमाश के पैर में लगी गोली, दारोगा घायल

## एक बदमाश हुआ फरार

, बिजनौर

**गुरुवार** को बैंक कर्मी ड्यूटी पर जा रहा था। बिजनौर किरतपुर रास्ते में बदमाशों ने बंधक बनाकर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे की डिमांड की थी। तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसमें बैंक कर्मी के पास नगदी नहीं मिली थी। इसमें बदमाशों ने गूगल पे पर 45 हजार ट्रांसफर करा लिए थे और बाकी पैसे बाद में देने को कहने पर बैंक कर्मी को भगा दिया था। पीड़ित पीड़ित की तहरीर पर लकी उर्फ स्नेह प्रताप, हेतराम, मोहित, हरीश व सोनू निवासी गण सालमाबाद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

रविवार रात शहर कोतवाल उदयप्रताप सिंह टीम के साथ सिरधनी रोड पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक संदिग्ध बाइक आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने बाइक सवार युवकों को रुकने का इशारा दिया। युवक फायरिंग कर खेतों में फरार होने लगे। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। फायरिंग में एक बदमाश फरार हो गया। बदमाश के पैर में गोली लगी। इसमे एक बदमाश घायल हो गया। घायल युवक आकाश निवासी मोहल्ला चमरपेड़ा शहर कोतवाली निकला। पुलिस ने बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मुठभेड़ में एसएसआई भी घायल हो गया। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बैंककर्मी को बंधक बनाकर ठगने वाले गिरोह का मास्टरमाइड हैं। इसी ने पूरा प्लान तैयार किया था।



बदमाश से पूछताछ करते सीओ सिटी।

# एकजुट हों शिक्षणेत्तर कर्मचारी: मुकेश सिन्हा

## माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ को जिले में मजबूत करने पर जोर

## सितंबर में कराया जाएगा जनपदीय चुनाव

बिजनौर

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की बैठक में सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से अपने आत्म सम्मान व हितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया व जनपद के सभी विद्यालय में संघ की शाखा गठित करने का निर्णय लिया गया। रविवार को हिन्दू इंटर कालेज चांदपुर में संगठन की जिला स्तरीय बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से आत्म सम्मान व हितों के लिए शासन में लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। दो दशक बाद भी राज्य सरकार शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मांगों का शासनादेश जारी नहीं कर रही है। उन्होंने जनपद के प्रत्येक विद्यालय में संघ की इकाई गठित करने, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अपने अधिकारों व संगठन के प्रति जागरूक होने पर जोर दिया। कार्यकारी जिला मंत्री योगेश कुमार ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से शासन में लंबित अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। जिला कोषाध्यक्ष जिवेन्दर कुमार ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से संगठन की गतिविधियां चलाने को जनपद में सदस्यता अभियान चलाने, जनपदीय सम्मेलन आयोजित करने पर जोर दिया। वरिष्ठ शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामचरण सिंह व मुकेश मोहन शर्मा ने जनपद में शिक्षणेत्तर संघ को मजबूत बनाने, शिथिल कर्मचारियों को सक्रिय करने, तन मन धन से संगठन को सहयोग करने पर जोर दिया। बैठक जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने पद से त्याग पत्र देते हुए सितम्बर माह में संगठन का जनपदीय चुनाव कराने का निर्णय लिया। साजिद अली, ओमप्रकाश, जयवर्धन यादव, महीपाल सिंह, राजकुमार,रामरतन देव, मौ हनीफ, कालीचरण,गौरव गौड़, अखिलेश कुमार नीतू रानी, राजीव कुमार, अफसर हाशमी ने जनपद में संगठन की गतिविधियां पर संतोष व्यक्त कर संगठन को और अधिक प्रभावी व मजबूत बनाने पर बल दिया। बैठक में यशदीप, सुभाष कुमार, मौ अरशद, गौतम सिंह, संजीव कुमार, रवेन्द्र कुमार, अभिषेक, मंयक कुमार, रामनरेश गुप्ता, दीपक आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक में आयोजक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने जिला अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, जिला मंत्री योगेश कुमार, जिला मंत्री जिवेन्दर कुमार व मुकेश मोहन को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता रामचरण सिंह व संचालन अरूण कुमार ने किया।



# पुलिस ने लव जिहाद का आरोपी दबोचा भेजा जेल



**बिजनौर:** पुलिस ने लव जिहाद का आरोपी दबोच कर जेल भेज दिया। शहर कोतवाली गांव फरीदपुर काजी उर्फ खेड़की निवासी नसीम पुत्र शमीम चंडीगढ़ मे कारपेंटर का काम करता था। नसीम की शादीशुदा रोशनी से मुलाकत हो गई। नसीम ने अपना नाम आकाश बताया और रोशनी से दोस्ती कर ली। उसको प्रेमजाल में फंसाया और पहले पति से तलाक कराया। इसके बाद हिंदू रीति रिवाज के नसीम उर्फ आकाश ने रोशनी के साथ शादी कर ली। आरोप है रोशनी नसीम उर्फ आकाश को खोजते हुए 16 जुलाई को बिजनौर के गांव फरीदपुर काजी उर्फ खेड़की पहुंची, लेकिन नसीम घर पर नहीं मिला। इसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी नसीम उर्फ आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# किसान पर गुलदार ने हमला कर किया घायल

, नगीना

**गन्ने** के खेत में खाद दे रहे किसान पर घात लगाए बैठा गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। किसान ने खाद् से भरे थैले को गुलदार को मार कर शोर मचाया। इससे गुलदार छोड़कर भाग गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां उपचार किया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के ग्राम डेलपुरा उर्फ अब्दुल अजीजपुर निवासी भीम सिंह 45 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश सोमवार अपने गन्ने के खेत में यूरिया खाद बिखेर रहा था। तभी गन्ने के खेत में घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। गुलदार को देख भीम सिंह हिम्मत नहीं हारा और हौसले के साथ हाथ में लिए यूरिया खाद से भरे थैला गुलदार के सर पर मारता रहा। एक हाथ से परिजनों को फोन कर शोर मचाता रहा। फोन सुनकर परिवार के लोग गन्ने के खेत में गुलदार होने और भीम सिंह पर हमला करना शोर मचाते हुए खेत की ओर भागे। उनके पीछे-पीछे गांव व पड़ोस के लोग भी जंगल की ओर दौड़ पड़े। जब परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो भीम सिंह बेहोश अवस्था में गन्ने के खेत में पड़ा था। परिजन पहले ग्राम पुरानी के एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां उपचार के लिए ले गए। बाद में उपचार के लिए सीएचसीच नगीना ले आए। जहां चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ नवीन चौहान ने घायल भीम सिंह का उपचार शुरू कर दिया। घायल भीम सिंह के जांग में गुलदार के पंजों के निशान हैं।



सीएचसी में भर्ती घायल किसान।

# विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने अधिकारियों के साथ लोहगढ़ गेट का अंदर से दौरा किया, उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं सीवरेज जाम, खराब सफाई व्यवस्था और बिजली नेटवर्क से लोग परेशान हैं

## विधायक डॉ. गुप्ता ने अधिकारियों को सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया

( ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार )



ट्रल विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अजय गुप्ता को लोहगढ़ गेट क्षेत्र के अंदर से विक्रम स्ट्रीट , बदरायो स्ट्रीट और लोहगढ़ गेट से सटे मिलों के लोगों से शिकायतें मिल रही थीं। जिस पर आज विधायक डॉ. गुप्ता नगर निगम एवं पीएसपीसीएल अधिकारियों के साथ अपने क्षेत्र का दौरा किया। गली विक्रम , गली बदराय के लोग विधायक को अपने घरों के अंदर ले गए और उन्हें अवरुद्ध सीवरेज प्रणाली के बारे में बताया। विधायक ने मौके पर ही नगर निगम ओएंडएम सेल के एसीए गुरजिंदर सिंह को तुरंत प्रभाव से समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में यथाशीघ्र सुपर सकर मशीन से डिसिल्टिंग करायी जाये. उन्होंने गलियों में बिजली के तारों के जाल की भी शिकायत की। मौके पर मौजूद पीएसपीसीएल के एसडीओ हरभूपेंद्र सिंह ने इसे ठीक करने के निर्देश दिये. सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों द्वारा शिकायतें की गयीं. सफाई व्यवस्था को लेकर विधायक डॉ. गुप्ता ने कहा कि अब चारदीवारी में ट्राइसाइकिल के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि बाजारों में बड़े वाहनों के माध्यम से कूड़ा उठाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हर हाल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर ली जायेगी. विधायक डॉ. गुप्ता ने कहा कि वे लोगों की समस्याएं सुनने के लिए ही लोगों के घर जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि वह वोट मांगने नहीं आये हैं , सिर्फ लोगों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने आये हैं. उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम खत्म होने के बाद बाजारों और गलियों का निर्माण भी शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण कुमार, एक्सा सिविल सुनील महाजन, स्ट्रीट लाइट विभाग के जे.ई. रमन कुमार, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर साहिल कुमार, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर राकेश मारवाह, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर सरबजीत सिंह, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर जगदीप सिंह और आम आदमी पार्टी के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# अटारी बॉर्डर पर देश के सबसे ऊंचे तिरंगे झंडे को दशार्ने वाला वीडियो और बुकलेट जारी किया गया

## अटारी में सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज और महात्मा गांधी का चित्र 78 वें स्वतंत्रता दिवस को समर्पित है

( ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार )

**अटारी - 6 अगस्त 2024** अटारी में भारत के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को दशार्ने वाला एक वीडियो और 78वें स्वतंत्रता दिवस को समर्पित एक शानदार फोटो बुकलेट आज अटारी सीमा पर एक समारोह के दौरान बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट दविंदरपाल सिंह , बीएसएफ अधिकारियों और जवानों द्वारा जारी की गई । वीडियो सच्ची देशभक्ति की संरचना को खूबसूरती से उजागर करता है। भारत का यह सबसे ऊंचा 418 फीट का तिरंगा झंडा चार फीट के चबूतरे पर खड़ा है , जो इसे अटारी सीमा पर एक प्रमुख आकर्षण बनाता है। करीब 200 किलो वजनी , 130 फीट लंबा और 80 फीट चौड़ा यह झंडा सीमा पार पाकिस्तान के झंडे से 18 फीट ऊंचा है। इस राष्ट्रीय ध्वज को प्रख्यात प्रकृति प्रेमी और विरासत प्रचारक हरप्रीत संधू ने अपने कैमरे के लेंस से कैद किया है। इस वीडियो का मुख्य उद्देश्य यह है कि देश भर से जो लोग हर दिन बॉर्डर रिट्रीट देखने आते हैं, वे हमारे देश के सबसे ऊंचे तिरंगे झंडे का आनंद ले सकें। इस वीडियो निर्देशक का मुख्य उद्देश्य




बीएसएफ अधिकारी और जवान जेसीपी अटारी में भारत के सबसे ऊंचे झंडे को दशार्ने वाला वीडियो और बुकलेट जारी कर रहे हैं।

अटारी सीमा पर बीटिंग रिट्रीट समारोह को देखना और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। अटारी पर तैनात बीएसएफ. जवानों और महिला अधिकारियों को फोटो बुकलेट भी वितरित की गईं। डीपीआरओ अमृतसर शेरजंग सिंह हुंदल ने अटारी में कार्यक्रम की अध्यक्षता की और प्रकृति कलाकार हरप्रीत संधू द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस को समर्पित पेंटिंग को एक सार्थक प्रयास बताया। जेसीपी अटारी के डिप्टी कमांडेंट देवेंद्रपाल सिंह ने सीमा सुरक्षा बल के तत्वावधान में निर्मित एक वीडियो और सचित्र पुस्तिका के माध्यम से हमारे देश के सबसे ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के महत्वपूर्ण स्मारक को बढ़ावा देने के लिए प्रकृति प्रेमी हरप्रीत संधू एडवोकेट के समर्पित प्रयासों की सराहना की ।

# वन महाउत्सव मनाते हुए कैबिनेट मंत्री धालीवाल और ईटीओ ने सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए

( डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू )

**अमृतसर 6 अगस्त 2024--** आज पंजाब सरकार द्वारा मनाए गए राज्य स्तरीय वन महा उत्सव के अवसर पर पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल और हरभजन सिंह ईटीओ ने अमृतसर जिले में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए और प्रोत्साहित किया। लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया कैबिनेट मंत्री स.कुलदीप सिंह धालीवाल ने अपने हलके के गुरु घर मेहर बुखारी में पौधे लगाए और ऐलान किया कि 15 अगस्त से पहले वह अजनाला हलके में करीब डेढ़ लाख पौधे लगाएंगे. उन्होंने लोगों को अपने घरों और खेतों में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। श्री धालीवाल ने कहा कि हम पिछले कुछ दिनों से सरकारी स्थानों पर



कैबिनेट मंत्री स.कुलदीप सिंह धालीवाल माहिर बुखारी में पौधारोपण कर वन मां उत्सव मनाते हुए।



कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ब्यास स्कूल में पौधारोपण कर वन महाउत्सव मनाते हुए।

पौधे लगा रहे हैं और अब तक एक लाख से अधिक पौधे लगा चुके हैं. उन्होंने उन लोगों से कहा कि वे अपनी मोटरसाइकिल पर कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाएं। इस मौके पर एसडीएम अजनाला अरविंदरपाल सिंह , तहसीलदार लछमन सिंह , नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह ढिल्लों , शहरी अध्यक्ष अमित औल , बाबा जोगा सिंह , राजबीर सिंह और अन्य शख्सियतें मौजूद रहीं। इसी प्रकार कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यास में पौधे लगाकर वन महाउत्सव मनाया और बच्चों व अध्यापकों के साथ पौधे लगाए। उन्होंने इस अवसर पर पंजाब को हरा-भरा बनाने और अपनी भावी पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आग्रह किया। एस. हरभजन सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास पंजाब में आने वाले वर्षों के लिए इस पर्यावरणीय समस्या को जड़ से खत्म करना है और हम प्रदूषण को कम करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगा रहे हैं। इसलिए हम लोगों से अपील करते हैं कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें।

# सरकारी विभागों में एक लाख से अधिक नियमित पद खाली

**राजेंद्र करनाल के रिपोर्ट हरियाणा।** के सरकारी विभागों में 1,08000 पद रिक्त हैं। जिस रफ्तार से विभागीय कर्मचारी सेवानिवृत्ति हो रहे हैं उस रफ्तार से कर्मचारियों की भर्ती नहीं हो रही है। ऐसे में करीब सवा लाख अनुबंधित कर्मचारियों की मदद से ही विभागों का काम चलाया जा रहा है। इस समय स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, शहरी स्थानीय निकाय, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग, सहित कई महत्वपूर्ण विभागों को संभालने में अनुबंध के आधार पर काम करने वाले कर्मचारियों की भूमिका अहम है। आंकड़ों से पता चला कि लगभग 1,05000 अनुबंध कर्मचारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के साथ पंजीकृत हैं। इनमें से लगभग 15000, स्वास्थ्य विभाग में 13000, बिजली विभाग में 8000, शहरी स्थानीय निकाय विभाग में 8000, जन स्वास्थ्य एवं अभियंत्रिक में 5000 हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में और 5000 विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं। शिक्षा विभाग के साथ काम करने वाले 5000 संविदा कर्मचारी एच के आरनएल के तहत पंजीकृत हैं जबकि अनुबाद के आधार पर काम करने वाले 14000 से अधिक अतिथि शिक्षक भी शिक्षा विभाग में काम कर रहे हैं इनके अलावा आंगनवाड़ी वर्कर, मिड डे मील वर्कर, आशा वर्कर, ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, नगर निगम के कच्चे सफाई कर्मचारी, विभिन्न विभागों में संविदा के आधार पर काम करने वाले कम से कम 2000 कर्मचारी या तो एचकेआरएनएल के तहत पंजीकृत है या सीधे विभागों के तहत काम कर रहे हैं। आयुष्मान मित्र जो ?5000 महीने पर काम करते हैं उनको पक्का किया जाए जब तक पक्का नहीं किया जाता 26000 न्यूनतम वेतन दिया जाए हरियाणा में कुल स्वीकृत पद लगभग 4.5 लाख के मुकाबले लगभग 2.5 लाख नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं। सरकार से अपील है खाली पड़े पदों पर नियमानुसार इन पदों पर पक्की भारती की जाए। सरकार से अपील है की जल्दी से जल्दी नियमित भर्ती की जाए कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। रिटायर्ड कर्मचारीयो का 65,70, 75, 80, उम्र के हिसाब से पेंशन में बढ़ोतरी की जाए 31 दिसंबर 30 जून के बीच तक जो कर्मचारी रिटायर हुए हैं हाई कोर्ट के आदेश अनुसार उनका इंक्रीमेंट दी जाए। अन्यथा आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को इसका खामियांजा भुगतना पड़ेगा। अगर रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी तो 21 अगस्त 2024 को करनाल में मुख्यमंत्री निवास का रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा घेराव किया जाएगा लाभ सिंह आर्य, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा। राज्य सचिव ट्रांसपोर्ट विंग आम आदमी पार्टी हरियाणा।

# मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने आज आढ़तियों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की।

**राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट करनाल** उन्होंने संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री आवास) पर प्रदेश भर से पहुंचे आढ़तियों को संबोधित किया और धान की आढ़त को 45.88 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति क्विंटल कर साथ ही, उन्होंने कहा कि गेहूं में शॉर्टेज के कारण आढ़तियों को हो रहे नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी, इसके लिए उन्होंने लगभग 12 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

# केजरीवाल सरकार का हरियाणा के लोगों को तोहफा, हरियाणा में भी चलेंगी शानदार ई-बसें : अनुराग ढांडा

- कहा, 2023 में बाढ़सा एम्स तक कनेक्टिविटी के लिए चलाई थी डीटीसी





चंडीगढ़, अगस्त : आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने तक दिल्ली सरकार द्वारा झज्जर जिले के गांव गुभाना-माजरी तक बस सेवा के विस्तार पर गांव के लोगों को बधाई दी। इससे आसपास के 12 गावों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गांव गुभाना और माजरी तक बस के विस्तार की मांग बहुत पुरानी थी, जिसे अब दिल्ली सरकार ने पूरा कर दिया है। दिल्ली की केजरीवाल सरकार लोगों को सुगम और विश्वस्तरीय परिवहन सुविधा मुहैया करने के लिए प्रतिबद्ध है। केजरीवाल सरकार ने 2023 में भी बाढ़सा एम्स तक कनेक्टिविटी के लिए डीटीसी चलाई थी। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग को देखते हुए दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने गांव गुभाना-माजरी से 848 रूट नंबर की बस को हरी झंडी दिखा दी है। इसको लेकर लोगों में खुशी की लहर है। इस बस रूट 848 के गुभाना-माजरी गांव तक चलने से गुभाना, माजरी, लुकसर, गंगडवा, गोयला, खेड़का, देशलपुर, शाहपुर, खुंगाई, जगरतपुर, खरमान और बुपनिया ग्रामवासियों को भी अब दिल्ली आने-जाने में कठिनाई नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि इस अब गांव गुभाना और माजरी समेत आसपास के गांव के लोगों को बेहतरीन इलेक्टिक बसों में सफर करने का मौका मिलेगा। जो हमरी माताएं बहनें धूप और बारिश में दो ढ़ाई किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर थी। वो अब बिना किसी किराए के अच्छे से सफर कर पाएंगी।

उन्होंने कहा कि नजफगढ़ बॉर्डर से झज्जर जिले के गांव गुभाना और माजरी की दूरी केवल 2 किलोमीटर है। लेकिन यहां सार्वजनिक बसों की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण गांववासियों को दिल्ली आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पिछले साल भी हमने इन गांवों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर इस मांग को दिल्ली तक पहुंचाया था। गांववासियों ने दिल्ली सरकार की बसें जो नजफगढ़ के बाकरगढ़ गांव तक जाती है, उन्हें गुभाना और माजरी गांव तक विस्तारित करने के लिए दिल्ली सरकार से मांग की थी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेश की माताओं और बहनों को पूरे हरियाणा में फ्री बस सुविधा मिलेगी और प्रदेश में दिल्ली की तर्ज पर इलेक्ट्रिक बसें भी चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की जनता भी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार चाहती है।

## हरियाणा में मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे एनएचएम कर्मियों की हड़ताल जारी

# एनएचएम कर्मचारियों ने 11वें दिन भी रखा उपवास, महिलाओं ने मेंहदी लगाकर की पक्का करने की मांग






एनएचएम कर्मचारी हड़ताल के दौरान उपवास रखकर रोष प्रकट करते हुए तथा (दाएं) एनएचएम की महिला कर्मचारी मेंहदी लगाकर पक्का करने की मांग करते हुए।

चंडीगढ़, अगस्त : हरियाणा में एनएचएम कर्मचारियों ने सांझा मोर्चा के बैनर तले जारी हड़ताल के 11वें दिन उपवास रखा। दिनभर कर्मचारियों ने भुखे पेट सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने की फरियाद की। वहीं, महिला कर्मचारियों ने मेंहदी लगाकर तीज पर पक्का करने की मांग की। हरियाणा सरकार ने वर्ष 2017 में सरकार द्वारा प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मचारियों को पूर्व मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने सर्विस बाई लॉज का लाभ दिया था। परंतु अब सरकार एनएचएम कर्मचारियों के हक को खत्म करने जा रही है। जिसे देखते हुए कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों की हड़ताल 11वें दिन में प्रवेश कर गई। हड़ताल में कर्मचारियों की 100 प्रतिशत हाजिरी रही। जिसके चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यापक असर पड़ रहा है। रेफरल ट्रांसपोर्ट सिस्टम भी पूर्ण रूप से प्रभावित हो गया है। एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को लेकर ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। जो वरिष्ठ अधिकारियों के पास पड़ा है। अब उस पर सरकार ने फैसला लेना है, लेकिन अभी तक सरकार ने किसी तरह का निर्णय नहीं लिया है। जिसके चलते एनएचएम कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल लगातार जारी है और 11वें दिन में प्रवेश कर गई है।

## महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा का पदभार संभालने के बाद डॉ. जेएस पूनिया से दैनिक सवेरा ने की बातचीत

# स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों, नर्सों, फॉर्मासिस्टों सहित अन्य वर्गों की मांगों का प्रपोजल बनाकर सरकार को भेजा, जल्द होगा समाधान

- मातृ मृत्यु दर को कम लाने पर रहेगा फोकस, टीवी मुक्त हरियाणा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा हरियाणा



डॉ. जेएस पूनिया।

चंडीगढ़, अगस्त : हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में इस समय डॉक्टर, स्टॉफ नर्स, फॉर्मासिस्ट सहित अन्य वर्ग अपनी-अपनी मांगों के समाधान को लेकर अलर्ट मोड पर है। जिसे लेकर हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिस एसोसिएशन दो दिन की हड़ताल भी कर चुकी है। यही नहीं स्टॉफ नर्स और फॉर्मासिस्ट भी कामकाज ठप करने की चेतावनी दे चुके हैं। मगर सरकार ने सभी एसोसिएशन से उनकी मांगों पर समाधान करने के लिए समय मांगा है। वहीं, दूसरी तरफ सरकार ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा की कमान भी डॉ. जेएस पूनिया को सौंप दी है, क्योंकि तत्कालीन डीजी डॉ. आरएस पूनिया अपना कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अब ऐसे हालातों में डॉ. जेएस पूनिया के ही कार्यकाल में तकरीबन एसोसिएशन की मांगों पर समाधान होना है। फिलहाल मौजूदा हालातों को देखते हुए डॉ. जेएस पूनिया ने दैनिक सवेरा से बातचीत के दौरान बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों, नर्सों, फॉर्मासिस्टों सहित अन्य वर्गों से जुड़ी मांगों पर प्रपोजल बनाकर सरकार को भेज दिया है। जिस पर जल्द ही सकारात्मक परिणाम आएंगे।

### हरियाणा को टीवी मुक्त करने की तरफ तेजी से बढ़े कदम

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डॉ. जेएस पूनिया ने बताया कि भारत सरकार के 2025 तक टीवी मुक्त करने के लक्ष्य के तहत हरियाणा को टीवी मुक्त करने पर पूरा फोकस रहेगा। हरियाणा ने 09 लाख टेस्ट करने का गोल लिया था। जिसके तहत अभी तक 06 लाख टेस्ट पूरे हो चुके हैं और आगामी जुलाई तक 09 लाख टेस्ट पूरे कर लिए जाएंगे। हरियाणा में माइक्रोस्कोपी लैब की संख्या भी 481 के आसपास हो गई है, जो अब पीएचसी और सीएचसी स्तर पर भी उपलब्ध है। हरियाणा एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां हर जिले में हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन है। अभी आगे 44 हैंड हेल्ड मशीनें खरीदी जानी हैं, जिसके टेंडर भी हो चुके हैं। इसके अलावा जहां लैब पर अधिक भीड़ होती हैं, वहां फ्लोरोसेंट माइक्रोस्कोपी की भी सुविधा उपलब्ध हैं। प्रदेश में अभी 40000 के आसपास टीवी रोगी हैं, जो दवा खा रहे हैं। टीवी के सैंपल ट्रांसपोर्ट के मामले में भी हरियाणा आगे हैं। यहां कोई भी तकनीशियन अगर सैंपल उठाने के लिए मामले में विभाग से जुड?ा चाहता है तो उसे 100 रुपये प्रति सैंपल उठाने के दिए जाते हैं। इसके अलावा रोगी भी 2700 आयुष्मान मंदिर में अपने सैंपल छोड़ सकता है। केंद्र सरकार के इस कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाने और हरियाणा को टीवी मुक्त करने की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी।

### मातृ मृत्यु दर को कम लाने पर रहेगा फोकस :

डीजी हेल्थ डॉ. जेएस पूनिया का कहना है कि हरियाणा में मातृ मृत्यु दर को कम लाने पर फोकस रहेगा। पहले केंद्र सरकार द्वारा दर्शाए गए आंकड़े में जहां हरियाणा का मातृ मृत्यु दर में एक लाखा के पीछे 110 महिलाओं की मृत्यु का आंकड़ा था, वहीं अब इसमें जबरदस्त तरीके से सुधार करके एक लाख के पीछे 85 महिलाओं की मृत्यु तक लाया गया है। इस आंकड़े को 65 से 70 तक लाने पर जोर दिया जा रहा है। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम काम कर रही है। महिलाओं को रेफर कम से कम किया जाए, इस पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हाई रिक्स वाले केसों में रेफर होने वाले अस्पताल में पहले ही प्रभावित महिला का डाटा शेयर कर दिया जाता है ताकि अस्पताल में उस महिला के इलाज से संबंधित सभी जरूरी इंतजाम पहले ही कर लिए जाएं। आपातकालीन प्रसूति देखभाल को सुदृढ़ किया गया है। 2013-14 से 2023-24 तक एफआरयू की संख्या 41 से बढ़ाकर 56 कर दी गई। सी-सेक्शन सेवाएं प्रदान करने के लिए सर्जनों के अनुबंध प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है। विशेषज्ञ को नियुक्त करने के लिए सरकार से व्यापक मंजूरी को लेकर कदम उठाए गए हैं। एएनसी जांच की गुणवत्ता को बढ़ाया गया है। सुरक्षित जननी माह, विस्तारित पीएमएसएमए, निश्चित एएनसी दिवस जैसी पहल लागू की गई है। उच्च जोखिम वाली गर्भधारण की पहचान, प्रबंधन और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए सुधार किए गए हैं।

# जन सुराज ने बेतिया में किया पदाधिकारियों की घोषणा।

## कृष्णा बिंद बने जिला अध्यक्ष, अर्चना बाला बनीं महिला अध्यक्ष।




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** बिहार स्थित प्रशांत किशोर की पदयात्रा पश्चिम चंपारण से चलने के महीनों बाद मधेपुरा पहुंची है। अबतक जिन ज़िलों में पदयात्रा हो चुकी है उन जिलों में संगठन विस्तार तेजी से किया जा रहा है। उसी क्रम में मंगलवार को पश्चिम चंपारण स्थित जन सुराज जिला कार्यालय में जन सुराज जिला कार्यवाहक समिति एवं पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान एमएलसी अफाक अहमद, नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृष्णा बिंद, नवनिर्वाचित महासचिव कमलेश कुमार, अभियान समिति के संयोजक कुंदन पाण्डेय, मुख्य प्रवक्ता रश्मि राव, पूर्व महासचिव राघवेंद्र पाठक ने हिस्सा लिया और जन सुराज को मजबूत करने के लिए कई सारी योजना बनाई। कार्यक्रम के बीच प्रेस वार्ता कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जन सुराज को पश्चिम चंपारण में सबसे मजबूत राजनीतिक दल बनाएंगेः अर्चना बाला कार्यक्रम में जन सुराज को मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए जिला की महिला अध्यक्ष अर्चना बाला ने कहा कि प्रत्येक जिला कार्यवाहक समिति सदस्य ने जन सुराज के विचार को आने वाले दिनों में हजारों लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इतना ही नहीं जन सुराज परिवार को आने वाले दिनों में सबसे मजबूत राजनीतिक दल के रूप में तैयार करने की रूपरेखा तैयार की। 2 अक्टूबर को पार्टी बनने के बाद संगठन को मजबूत बनाने के लिए और भी निम्न प्रयास किए जाएंगे।

# महावीरी झंडा मेला को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने हेतु शांति समिति की बैठक हुई।

## बगहा एसडीएम ने दिया आवश्यक दिशा- निर्देश



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** बगहा अनुमंडल के सभागार में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा डॉ. अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में महावीरी झंडा मेला के शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने हेतु शांति समिति बैठक की आहूत की गई। जिसमे भूमि सुधार उप समाहर्ता बगहा,कार्यपालक दंडाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बगहा एवं रामनगर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी बगहा-1 एवं बगहा-2, थानाध्यक्ष बगहा नगर एवं पटखौली, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बगहा-1 एवं बगहा-2, सभापति पुष्पा गुप्ता समाजसेवी विजय पांडे, विनोद कुशवाहा, राकेश सिंह, मुन्ना सिंह, दयाशंकर सिंह, जितेंद्र राव, मोहम्मद मोबीन अंसारी, अहमद अंसारी, सतीश वर्मा, मोहम्मद तय्यब, दीनानाथ सहनी, जुगनू आलम मोहम्मद निजामुद्दीन एवं कई समाजसेवियों की उपस्थित रही। शांति समिति की बैठक में महावीरी झंडा एवं मूर्ति को दिन के 2:30 बजे से निकालने एवं 7:00 बजे तक वापस ले जाने का निर्णय लिया गया, सभी समाजसेवियों के द्वारा सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि रात में कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा,परंपरागत लाइसेंस के अलावा कोई भी नया लाइसेंस नहीं निर्गत किया जाएगा। लाइसेंस निर्गत कराने हेतु 20 सदस्यों का आधार कार्ड थाने में जमा कराना होगा। एसडीएम द्वारा अनुमंडलवासियों से अपील की गयी कि नागपंचमी, महावीरी झंडा का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।अनुमंडल प्रशासन की पूरी टीम आपके साथ है। अनुमंडलवासी अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे तथा अफवाह फैलाने वाले असामजिक तत्वों के बारे में नजदीकी थाने अथवा अनुमंडल प्रशासन को सूचित करेंगे ताकि त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए निरोधात्मक कार्रवाई की जा सकें। जिस तरह से पूर्व में मुहर्रम त्योहार को शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्वक मनाया गया था,उसी तरह सभी लोग मिलजुल कर अमन-चैन, शांतिपूर्ण तरीके से नागपंचमी, महावीरी झंडा त्यौहार को सम्पन्न कराएं।जिसको लेकर प्रशासन व पुलिस पदाधिकारी द्वारा जगह-जगह फ्लैग मार्च भी किया जाएगा। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों को शत प्रतिशत पालन करना सभी के लिए अनिवार्य होगा। एसडीपीओ ने कहा कि सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है। असमाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। विधि-व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा, कड़ी कार्रवाई की जायेगी। शांति समिति की बैठक में उपस्थित गणमान्यों आदि ने नाग पंचमी, महावीरी झंडा त्योहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु अपने-अपने सुझाव भी दिये।

# 21 वीं वाहिनी एसएसबी बगहा ने बाढ़ पीड़ितों में बांटा पौष्टिक आहार।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बगहा।** 21 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा के कार्यवाहक कमांडेंट अश्वनी कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी के निर्देशन मे बाह्य सीमा चौकी थारी के प्राथमिक विद्यालय में कैलाशपुर, हवाईअड्डा और थारी के बाढ़ पीड़ित परिवारों को 21वीं वाहिनीं स.सी.बल बगहा के द्वारा कुमार फाउंडेशन संस्था के सौजन्य से प्राप्त पौष्टिक आहार के पैकेट का वितरण किया गया। बाढ़ पीड़ित परिवारों के स्वास्थ्य की जांच हेतु वाहिनी के द्वारा मानव चिकित्सा शिविर(एमसीए) का भी आयोजन किया गया, ई समवाय प्रभारी रामपुरवा के मोहित सिंह, सहायक कमांडेंट के द्वारा बताया गया की नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत थारी, कैलाशपुर, हवाई अड्डा के ग्रामीणों के लिए मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे चिकित्सा से संबंधित सभी समस्याओं को वाहिनी के सहायक कमांडेंट(चिकित्सा) डॉक्टर नवनीत के द्वारा देखा गया एवं दवा का वितरण किया गया। इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया, चूंकि इस इलाके में प्रत्येक वर्ष अनेक परिवार बाढ़ से प्रभावित होते हैं जिससे गांवों में अनेक प्रकार की बिमारियां फैलती है, तत्पश्चात ग्रामवासियों व बच्चों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अश्वनी कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी के पहल से कुमार फाउंडेशन के सौजन्य से बाढ़ पीड़ित परिवारों को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। जिससे स्वास्थ को उत्तम बनाया जा सके, न्यूट्रिमिक्स फूड पौष्टिक आहार के वितरण का उद्देश्य यह है, कि इस क्षेत्र के बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहे तथा अन्य बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। उपरोक्त ग्राम के लगभग 150 बाढ़ पीड़ित परिवारों को पोष्टिक आहार वितरण किया गया और 250 बाढ़ पीडितों को मानव चिकित्सा शिविर (एमसीए) के द्वारा उपचार किया गया।इसके साथ ही वाहिनी के द्वारा नशा मुक्ति एवम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम कर इसके बारे में ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के उपरांत ग्रामवासियों द्वारा 21 वीं वाहिनी स. सी. ब.बगहा एवं कुमार फाउंडेशन संस्था को धन्यवाद और सराहना की गई। इस कार्यक्रम के दौरान मोहित सिंह सहायक कमांडेंट 21 वीं स.सी .ब. वाहिनी बगहानवनीत सहायक कमांडेंट चिकित्सा 65 वीं वाहिनी स. सी. ब. बगहा, उप निरीक्षक सामान्य मोती लाल उप निरीक्षक सामान्य ( महिला) निधि पाल एवम अन्य बलकर्मी मौजूद रहे।

# अफवाह फैलाने वाले तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की जायेगी सख्त कार्रवाई - आई ए एस दिनेश राय

## सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर साईबर सेल की नजर रहेगी।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** नागपंचमी एवं महावीरी झंडा के अवसर पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उदेश्य से आज जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में बेतिया समाहरणालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नागपंचमी एवं महावीरी झंडा त्योहार में जिले में प्रेम, सद्भाव एवं शांति के वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन दृढ़संकल्पित है। जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। महावीरी झंडा के अवसर पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के चयनित स्थलों पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस फोर्स की तैनाती की जा रही है। त्योहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वाले अपराधियों, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त निरोधात्मक कार्रवाई की जायेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा, सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# बैंक कर्मचारी ने ग्राहक से की अभद्रता

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लॉक की आर्यावर्त बैंक शाखा नांदी तौरा में बैंक कर्मचारी द्वारा जनता से अभद्रता की जा रही है। चांदी निवासी बलराम नामदेव पुत्र मूल चंद ने बताया कि वह अपनी पासबुक चेक कराने गया तो बैंक कर्मचारी द्वारा गाली–गलौज करते हुए चप्पल उतार कर मारा गया जो कि चप्पल बैंक में आई महिला को लगा। जबसे नांदी तौरा शाखा में नये स्टाफकी नियुक्ति हुई है तभी जनता के साथ आये दिन बैंक मैनेजर व स्टाफके द्वारा तानाशाही व अभद्र व्यवहार किया जाता है। अभी दो सप्ताह पहले बैंक मैनेजर आशीष पटेल ने भी अभद्रता की थी जिस पर क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी पीयूष यादव ने स्थानांतरण करने की बात कही थी। प्रार्थी द्वारा थाना तहरीर देने की बात कही है।

# ग्लास ब्रिज बनाने वाली कंपनी को करें ब्लैकलिस्ट–डीएम

■ चित्रकूट

## अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

तहसील मानिकपुर के अन्तर्गत वन विभाग के नियंत्रणाधीन तुलसी जल प्रपात के ईको-पर्यटन विकास कार्य अवलोकन डेफका निर्माण कार्य पवनसुत कांस्ट्रक्शंस गाजीपुर द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 3 करोड़ है। सोशल मीडिया में स्काई ग्लास ब्रिज में आई दरारें पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा एन द्वारा ने त्वरित संज्ञान लेकर एनके सिंह उप निदेशक, रानीपुर टाइगर रिजर्व, कृष्ण कुमार, अधिशाषी अभियंता, एवं अन्य संबंधित अधिकारियो के साथ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान स्ट्रक्चर ठीक पाया गया। वर्तमान समय में वर्षा होने से मिट्टी सेटेलमेण्ट होने के कारण अवलोकन डेक के बाहरी सीढ़ी के प्लेटफार्म के पास मिट्टी में मामूली दरारें पायी गयी जो किसी प्रकार का स्ट्रक्चरल फेल्योर नहीं है। उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व को निर्देशित किया कि उपरोक्त पायी गयी कमियों को ठीक कराये जाय तथा संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्टिंग किये जाने की कार्यवाही की जाये तथा सुरक्षा मानकों पर एमएनआईटी प्रयागराज से अवलोकन डेक का सुरक्षा आडिट कराये जाने के उपरान्त ही पर्यटकों के लिए खोला जाये।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा उपस्थित रहे।

# बच्चों ने गाजे बाजे के साथ पौधो की निकाली बारात

**चित्रकूट।** वन महोत्सव 2024 पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जान अभियान कर्वी रेंज रानीपुर टाइगर रिजर्व के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में शारदा इंटर कॉलेज भरतकूप के बच्चों द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने पौधों की बारात निकली तथा पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ के साथ गांव गलियों में वृक्ष लगाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक कार्यक्रम किया गया। वही बच्चों द्वारा पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान के साथ पौध भंडार एवं जीवन का एक ही सहारा पर्यावरण हम सबको प्यार नारो के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजीव रंजन सिंह एसडीओ कर्वी ने कहा की शासन के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई। नफीस खान क्षेत्रीय वनाधिकारी, सुरेन्द्र वर्मा वन दरोगा ने सभी आम जनमानस से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील किया। इस मौके पर विद्यालय में अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## बालू कारोबारी से कथित वसूली का मामला

# तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

■ पनवाड़ी

कोतवाली में तैनात तीन आरक्षियों को लाइन हाजिर किया गया है। उक्त सिपाहियों पर बालू कारोबारी से कथित तौर पर अवैध वसूली के आरोप लगाए गए थे। मामले की जांच कुलपहाड़ क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार को सौंपी गई थी। जिसके बाद सोमवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर आरोपित आरक्षी प्रमोद कुमार, पवन कुमार और धर्मेंद्र को महोबा स्थित पुलिस लाइन में स्थानांतरित किया गया। उच्चाधिकारी की इस कार्रवाई से पनवाड़ी थाने में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें कि पनवाड़ी निवासी शिकायतकर्ता ने स्वयं को बालू कारोबारी बताते हुए कुछ पुलिसकर्मियों पर जबरन 15 हजार रूपए ऐंठने के आरोप लगाए थे। पीड़ित द्वारा इसे लेकर एक वीडियो जारी किया गया था, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी कथित रूप से सफेद कार में सवार बताए गए थे। इसी दौरान वसूली के रुपयों का आदान प्रदान हुआ। फिलहाल क्षेत्राधिकारी महोदया की जांच का खुलासा नहीं हुआ है, फिर भी यकायक एक साथ उक्त पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण क्षेत्रीय नागरिकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कॉमन सर्विस सेंटरों पर आधारकार्ड अपडेट कराने के लिए जुट रही भारी भीड़

■ महोबा

राशन सामग्री लेने सें लेकर केवाईसी कराने सहित सभी कार्यों में आधार कार्ड की अनिवार्यता कर दिए जाने से आधारकार्ड बनवाने और अपडेट कराने के लिए बैंकों के अलावा कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) पर भी लोगों की भारी भीड जुट रही है। पहले आओ,पहले पाओ की तर्ज पर आधार बनाने के लिए सबसे पहले नंबर लगाए जा रहे हैं, इसके पांच दिन बाद लोगों को बुलाकर आधार कार्ड बनाने व संसोधन करने का कार्य किया जाता है, जिसका चार्ज भी सौ रुपये लिया जा रहा है। आधारकार्ड संसोधन और बनवाने की जिम्मेदारी बैंकों और सीएससी को सौंपी गई है, जहां पर सारा दिन यही कार्य किया जा रहा है।

बता दें कि खाद्यान्न सामग्री लेने, राशन कार्ड में अपना नाम च?वाने, बैंक खाता खुलवाने या पैनकार्ड बनवानें में सबसे पहले आधारकार्ड ही मांगा जाता है। मुफ्त में खाद्यान्न पाने के लिए आज कल राशन की दुकानों में कोटेदार द्वारा राशन कार्ड की केवाईसी कराई जा रही है। राशन सामग्री पाने के लिए राशनकार्ड धारकों के केवाईसी करते समय अंगूठा न आने पर कोटेदार द्वारा आधार कार्ड अपडेट कराए जाने की बात कही जा रही है, वहीं मुखिया का अंगूठा न आने पर परिवार के अन्य सदस्यों का अंगूठा लगवाया जाता है, लेकिन अन्य सदस्यों के पास आधारकार्ड न होने के कारण उनका अंगूठा भी शो नहीं करता, जिसके चलते तमाम राशनकार्ड धारक मुफ्त का खाद्यान्न नहीं ले पाते हैं, इसलिए लोग अब पूरे परिवार सहित सीएससी में आधारकार्ड अपडेट करवाने व नया आधार बनवाने में डटे हुए हैं। आधारकार्ड की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों के बच्चे, जवान और बुजुर्ग आधार कार्ड के लिए सुबह छह बजे से ही कॉमन सर्विस सेंटर में सबसे पहले नम्बर लगाने के लिए सेंटर के बाहर बैठ जाते हैं।

# जिले में गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य लोगों के लिए बना मुसीबत, जिम्मेदार बेखबर

## सड़कों की खुदाई और गड्ढों के चलते बारिश में राहगीरों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी

■ महोबा



जिले में एक गैस कंपनी द्वारा घर घर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सप्लाई पहुंचाने के लिए सड़कों की खुदाई कर पाइप लाइन बिछाने के कार्य में सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस को ताख पर रखकर अनियमितताएं बरती जा रही है, साथ ही बारिश के मौसम में सड़कों पर खोदे गए गड्ढों में कहीं मिट्टी डालकर समतल कर दिया गया तो कहीं गड्ढे खुले ही नजर आ रहे हैं, जिससे बारिश के पानी से सड़के भर गई है और लोगों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके गैस कंपनी के ठेकेदार बिना रोक टोक के मनमानी से काम कराने में जुटे हुए हैं।

गौरतलब है कि जिले में पिछले दो साल से एक प्राइवेट कंपनी द्वारा शहर के अलावा कबरई, चरखारी सहित अन्य जिले की नगर पंचायतों में सर्वप्रथम घरों की किचिन तक पीएनजी गैस पहुंचाने के लिए पाइप लाइन द्वारा कनेक्शन किए जा रहे हैं और ज्यादातर घरों में रीडिंग मीटर तक लटकाकर शोपीस के रुप में छोड़ दिए गए। कछुआ गति से चल रहे कार्य के कारण आज तक महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। गैस का लाभ मिलेगा भी कैसे इसके लिए घरों में डाले गए पाइपों को मैन लाइन से जोड़ना पड़ता है और मैन लाइन को प्लांट से, लेकिन अभी तक पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है, प्लांट का कार्य तो दूर की बात है। बारिश के मौसम में सड़कों की खुदाई कर पाइप लाइन डालने के काम चल रहा है, जो लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

जिले में गैस कंपनी के ठेकेदार सरकार के निर्देशों का पालन न करते हुए, शहर के अलावा नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे खोद रहे हैं, जिससे बारिश के मौसम में लोगों को आवागमन के साथ साथ अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा सड़कों को मजदूरों से खुदवा कर उन गड्ढों पर पाइप लाइन बिछाने के बाद उन पर कहीं मिट्टी डाल दी गई तो कहीं गड्ढे आज भी खुले हुए है और कहीं कहीं पर घरों के दरवाजों के सामने एक दो मीटर पाइपों को सड़क के ऊपर निकालकर छोड दिया गया है, जिससे लोगों को अपने घरों से आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते ज्यादातर सड़कों पर डाली गई मिट्टी धस जाने और गड्ढों में पानी भर जाने के कारण सड़क कीचड़युक्त हो गई, जिससे लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है तो वहीं बाइक चालक भी सड़क का अंदाजा न होने के कारण गिरकर चुटहिल हो रहे हैं, बावजूद इसके ठेकेदार अपनी मनमानी से काम कराने में मस्त है और इसका खामियाजा जिले वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

# थाने आने वाले फरियादियों के साथ करें अच्छा व्यवहार–एसपी

## पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन का आयोजन, सराहनीय कार्य करने पुलिसकर्मियों कों एसपी ने दिए प्रशस्ति पत्र



■ महोबा

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में किया गया, सैनिक सम्मेलन में जनपद में नियुक्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर प्राप्त हुयी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया कि पुलिस कर्मियों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण विशेष वरीयता के आधार पर किया जाये। इसके साथ ही सभी को अपने-अपने थानों में नियमित सैनिक सम्मेलन किए जाने एवं पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर उनका निराकरण कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता नें उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशंसा/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बता दें कि आई.जी.आर.एस. जनसुनवाई पोर्टल के अंतर्गत प्राप्त होने वाले जनता के शिकायती संदर्भो के निस्तारण में विगत माह जून में शतप्रतिशत (100त्र) निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त होने पर आईजीआरएस प्रभारी एवं उनकी टीम सहित जनपद के थानों में नियुक्त पुलिस कर्मी जो आर.जी.आर.एस. पोर्टल का कार्य सम्पादित कर रहे थे सभी को उनके द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। साथ ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन कार्यालय में नियुक्त रहे अधिकारी/कर्मचारी जिनके द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी समस्त कार्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ सम्पादित करने व महत्वपूर्ण ड्यूटियां लगाकर सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

## एसपी ने की मासिक अपराधों की समीक्षा

**महोबा।** एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद में घटित अपराधों के सम्बन्ध में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की गई जिसमें अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी रोकथाम, महिला अपराधों के अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, सनसनीखेज वारदातों के अभियुक्तों जैसे हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति सीजर करने, शासन द्वारा चलाए गए अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत जनपद स्तरीय चिन्हित सनसनीखेज अपराधों के वादों को चिन्हित कर मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने, ऑपरेशन त्रिनेत्र/दृष्टि के तहत अधिक से अधिक सीसीटीवी कवरेज कराए जाने के साथ–साथ अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही यथा– अवैध जुआ के विरुद्ध अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने तथा अवैध शराब, गांजा, शस्त्र के निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने, सभी मुख्य बाजार/मार्गों, चौराहों एवं हाइवे पर रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग करने, द्बलत्रक्ष् पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थनापत्रों का भली–भाँति अवलोकन कर उनमें निष्पक्ष जांच करने तथा समय से उनको निस्तारित करने के सम्बन्ध में गोष्ठी में उपस्थित समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगन्तुकों/ फरियादियों के साथ विनम्र व शालीन व्यवहार करें, जिससे कि आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण हेतु थानों पर आ सके । फरियादियों की शालीनतापूर्वक समस्याओं को सुनकर तत्काल निष्पक्ष आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी में सत्यम (अपर पुलिस अधीक्षक), हर्षिता गंगवार(क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़), रविकान्त गौड़ (क्षेत्राधिकारी चरखारी), कृष्ण पाल सिंह (अभियोजन अधिकारी), प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

## सार संक्षेप

### 50 वर्ष की हुई अभिनेत्री काजोल



**मुंबई:** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री काजोल सोमवार 50 वर्ष की हो गयी। 5 अगस्त 1974 को मुंबई में जन्मीं काजोल को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सोमु मुखर्जी निर्माता जबकि मां तनुजा जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण काजोल अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। काजोल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संत जोसेफ कान्वेंट पंचगनी से की। इसके बाद उन्होंने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म 'बेखुदी' से की। युवा प्रेम कथा पर बनी इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका कमल सदाना ने निभायी लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी।
वर्ष 1994 काजोल के सिने कैरियर में अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी उधार की जिंदगी, ये दिल्लगी और करण अर्जुन जैसी फिल्म प्रदर्शित हुई। उधार की जिंदगी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी लेकिन काजोल ने अपने दमदार अभिनय से दर्शको का दिल जीत लियावही बांबे फिल्म जर्नलिस्ट ऐशोसियेशन द्वारा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी।

### भाजपा ने श्रीनगर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवीं वर्षगांठ पर मनाया जश्न


**श्रीनगर:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने सोमवार को श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी।
भाजपा कार्यकर्ता सोमवार को यहां जवाहर नगर पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए और हाथों में राष्ट्रीय तिरंगा और पार्टी का झंडा लेकर राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारे लगाए। महिलाओं सहित भाजपा कार्यकर्ता 'जम्मू-कश्मीर आजाद हुआ पांच अगस्त को'नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए भाजपा कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि आज के दिन जम्मू-कश्मीर का भारत संघ में पूर्ण विलय हुआ था, जो लोगों के लिए जश्न मनाने लायक है। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने भाजपा को जश्न मनाने और दूसरों को जेल में बंद करने की अनुमति देने के लिए सरकार पर निशाना साधा। अब्दुल्ला ने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए यही होता है। मुट्ठी भर भाजपा नेताओं को आज जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### अमृतसर में सीमा पार तस्करी माड्यूल का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**अमृतसर:** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान स्थित तस्कर राणा दयाल के साथ सम्बन्धित एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर सीमा पार तस्करी करने वाले माड्यूल का पर्दाफाश किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक ( डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पकड़े गये आरोपी की पहचान राजवंत सिंह उर्फ राजू निवासी गाँव अटलगढ़ अमृतसर के तौर पर हुई है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से दो मैगजीन सहित दो आधुनिक 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल बरामद की हैं। इसके अलावा, उसका मोटरसाइकिल, जिससे वह खेप की डिलीवरी करने जा रहा था, भी जब्त किया गया है।

### कार ने मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत

**होशियारपुर:** पंजाब के होशियारपुर में एक कार की टक्कर से महिला और उसकी बेटी की मौत हो गयी है। पुलिस के अनुसार रविवार रात को एक कार ने महिला और उसकी बेटी को टक्कर मार दी। जिसके बाद मां और बेटी की मौत हो गयी। मतृकों की पहचान 37 वर्षीय रेखा रानी और उनकी आठ वर्षीय बेटी गरिमा के रूप में हुई है। मुकेरियां पुलिस के अनुसार हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के धमोटा गांव की निवासी रेखा रानी अपनी बेटी गरिमा और कुछ ग्रामीणों के साथ एक ट्रैक्टर ट्रॉली में कांगड़ा लौट रही थीं जब टी प्वाइंट हर्से मानसर के निकट रेलवे क्रॉसिग पर ट्रैक्टर के रुकने पर वह नीचे उतरी थीं और टहल रही थीं। एक कार चालक ने गाड़ी रिवर्स करते समय दोनों को टक्कर मार दी।



सोमवार को नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में बोलतीं भाजपा सांसद हेमा मालिनी।

# तैयार की जा रही है किसानों की डिजिटल आईडी : चौहान

● नई दिल्ली,



**कृषि** एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि किसानों की डिजीटल आईडी (पहचान ) तैयार की जा रही है और इसे उनकी खेती की जमीनों के साथ जोड़ा जाएगा।

चौहान ने सदन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कार्यकरण पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता किसान का सम्मान और कल्याण है तथा इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना से किसानों को ऊंचे ब्याज से मुक्ति मिली है और उनके सम्मान में बढोतरी हुई। इससे किसान सशक्त हुआ है और उसे कृषि आदानों के लिए समय पर धन मिलने लगा है। कृषि मंत्री ने कहा कि खेती की जमीनों में धांधली रोकने और हेरा फेरी पर रोक लगाने के लिए सरकार किसानों की डिजीटल आईडी बनाने की दिशा में आगे बढ रही है। इस आईडी को किसानों की जमीनों से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे जमीनों की धांधली रोकी जा सकेगी और राजस्व अधिकारियों की मनमानी पर भी रोक लगेगी। इस आईडी से आपदा आने या फसल होने की स्थिति में वास्तविक किसान को मदद मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि फसल की बुआई और नुकसान का रिकार्ड उपग्रहीय प्रणाली से होगा और खेत में नुकसान होने की स्थिति में सीधे वास्तविक किसान को मदद दी जा सकेगी।



सोमवार को फिजी गणराज्य के नादी हवाई अड्डे पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

# शेख हसीना ने 15 साल की सत्ता गंवाई...

## ये निर्णय बने कारण: आरक्षण पर फैसला, प्रदर्शनकारियों को गद्दार कहा, बंगाल के कसाई से तुलना की

● ढाका, एजेंसी





### तख्तापलट में हुई थी शेख हसीना के परिवार की हत्या

1975 में शेख हसीना का परिवार बांग्लादेश की सत्ता में था, लेकिन फिर एक दिन देश की सेना ने बगावत कर दी और उनके पूरे परिवार के खिलाफ विद्रोह कर दिया। कुछ हथियारबंद लड़ाके शेख हसीना के घर में घुसे और उनके माता-पिता और भाईयों की क्रूरता से हत्या कर दी। हालांकि, इस हमले में शेख हसीना और उनकी बहन बच गईं। दरअसल, जब बांग्लादेश में ये सब कुछ हो रहा था तब शेख हसीना अपने पति वाजिद मियां और छोटी बहन के साथ यूरोप में थी। यही वजह है कि इस भयानक हमले में उनकी जान बच गई। इसके बाद शेख हसीना कुछ समय तक जर्मनी में रहीं और फिर वह भारत में आ गईं। भारत की इंदिरा गांधी सरकार ने उन्हें शरण दिया और कई वर्षों तक वह भारत में ही रहीं। इसके बाद 2004 में शेख हसीना पर ग्रेनेड से भी हमला हुआ था। इस हमले में शेख हसीना बुरी तरह घायल हो गई थीं, लेकिन उनकी जान बच गई थी।

**बांग्लादेश** में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के कारण सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाली शेख हसीना को इस्तीफा देना पड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार हसीना और उनकी बहन को सेना के हेलीकॉप्टर से सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। बांग्लादेश की नेता का ठिकाना स्पष्ट नहीं है। हालांकि, रिपोर्टों के अनुसार, ऐसा माना जा रहा है कि वह भारत जा रही हैं। यह पूरा घटनाक्रम पिछले एक महीने से जारी छात्रों के आंदोलन का परिणाम है। बांग्लादेश इन दिनों दशकों में सबसे गंभीर नागरिक अशांति से गुजर रहा है। रविवार को बांग्लादेश की सड़कों पर जो हुआ, उसकी कल्पना शेख हसीना ने भी नहीं की होगी। इन विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए अधिकारियों को मोबाइल इंटरनेट बंद करना पड़ा और अनिश्चित काल के लिए देशव्यापी कर्फ्यू लागू करना पड़ा।

अकेले रविवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनों में करीब 100 लोग मारे गए, जिसके कारण संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने स्थिति पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मैं राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा बलों से तत्काल अपील करता हूं कि वे जीवन के अधिकार और शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने दायित्वों का पालन करें। सोमवार को स्थिति और भी भयावह हो गई। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प जारी रही। कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर ढाका में हसीना के आवास पर धावा बोल दिया। सोमवार को प्रदर्शनकारी सड़कों पर लौट आए। जैसे-जैसे स्थिति बिगड़ती गई, हसीना ने कथित तौर पर इस्तीफा दे दिया। समाचार एजेंसी एएफपी ने बताया कि हसीना और उनकी बहन अपने आधिकारिक आवास गोनो भवन से चली गई हैं। डेली स्टार के अनुसार, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री सोमवार को ढाका से ₹सुरक्षित स्थान₹ के लिए रवाना हुईं। उनके जाने के बाद हजारों प्रदर्शनकारियों ने ढाका के गोनो भवन में प्रवेश किया। समाचार रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने दोपहर 3 बजे (स्थानीय समय) निवास में प्रवेश किया। ढाका में प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक और शेख हसीना के पिता मुजीब-उर-रहमान की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। राष्ट्र के नाम एक टेलीविजन संबोधन में, सेना प्रमुख वकर-उज-जमान ने कहा कि सेना अंतरिम सरकार बनाएगी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से अपने आंदोलन को वापस लेने का आह्वान किया और कहा कि वह देश में व्यापक हिंसा के लिए ₹पूरी ज़िम्मेदारी₹ लेते हैं। कहा जा रहा है कि बांग्लादेश की सेना ने कथित तौर पर हसीना को पद छोड़ने के लिए 45 मिनट का समय दिया था।

रविवार को बांग्लादेश के पूर्व वरिष्ठ सैन्य जनरलों के एक समूह ने सरकार से सड़कों से सशस्त्र बलों को हटाने और उन्हें बैरकों में वापस भेजने के लिए कहा। हसीना के 15 साल के शासन के सबसे बुरे दौर में, अशांति के बीच, एक पूर्व सेना जनरल इकबाल करीम भुइयां ने कहा, ₹हम सरकार से मौजूदा संकट को हल करने के लिए राजनीतिक पहल करने का आग्रह करते हैं। उन्हें अपमानजनक अभियान में उलझाकर हमारे सशस्त्र बलों की अच्छी प्रतिष्ठा को नष्ट न करें। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी सशस्त्र बलों ने कभी भी आम जनता का सामना नहीं किया है या अपने साथी नागरिकों की छाती पर बंदूक नहीं तान दी है। पूर्व सेना प्रमुख और ऊर्जा मंत्री जनरल नूरुद्दीन खान (सेवानिवृत्त) ने भी कहा कि समय आ गया है कि सैनिकों को तुरंत बैरकों में ले जाया जाए ताकि वे किसी भी स्थिति के लिए खुद को तैयार कर सकें क्योंकि आंतरिक सुरक्षा मोड से ऑपरेशनल मोड में जाने में काफी समय लगता है।

### करंट लगने से नौ कांवड़ियों की मौत

**हाजीपुर:** बिहार में वैशाली जिले के औद्योगिक थाना क्षेत में बिजली का करंट लगने से नौ कांवड़ियों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य झुलस गये। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की देर रात डीजे ट्रोली पर सवार कांवड़िया पहलेजा घाट जल भरने के लिये जा रहे थे। इस दौरान सुल्तानपुर गांव के समीप डीजे ट्रॉली के साउंड सिस्टम सेट से 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार सट गया, जिससे पूरी ट्रॉली में करंट फैल गया। बिजली का करंट लगने से नौ कांवड़ियों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य झुलस गये। सूत्रों ने बताया कि झुलसे लोगो को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

### जमुई में सात दुकान में लगी आग

**जमुई:** बिहार में जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह सात दुकान में आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सोमवार की सुबह सिकंदरा निवासी सुरेंद्र पंडित अपनी चाय की दुकान पर चाय बना रहा था। इस दौरान रसोई गैस सिलेंडर में लीक होने के कारण आग लग गई, जिससे चाय दुकानदार झुलस गया। इस दौरान आग ने आसपास के छह अन्य दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।
सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। चाय दुकानदार को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

### फैक्ट्री की दीवार ढहने से तीन की मौत

**जयपुर:** राजस्थान में जोधपुर जिले के बोरानाडा क्षेत्र में सोमवार को एक फैक्ट्री की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई तथा आठ अन्य मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कल शाम से ही हो रही तेज बारिश के कारण बोरानाडा स्थित न्यू महालक्ष्मी फैक्ट्री में पानी भर गया था। आज तड़के करीब चार बजे फैक्ट्री की दीवार ढहकर वहां टीन शेड पर गिर गई। मृतकों में दो महिलाएं एवं एक पुरुष शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही नागर निगम की आपदा राहत टीम ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। तथा मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। सभी घायलों को जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो से तीन लोगों की हालत गंभीर बताई गई है।



सोमवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

# रिकॉर्ड पूरी तरह गोपनीय रहता है: नड्डा

### कहा-सबका स्वास्थ्य ठीक रखने का सरकार कर ही है प्रयास

● नई दिल्ली,

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि देश भर में 36 हजार जन औषधि केन्द्र खुल गये हैं और 25 हजार केन्द्र और खोले जायेंगे।

नड्डा ने अपने विभाग की अनुदान मांगों पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुये सदस्यों को आश्वान दिया कि आयुष्मान डिजिटल मिशन के तहत रखा जा रहा रिकॉर्ड पूरी तरह गोपनीय रहता है।



उन्होंने कहा कि जन औषधि केन्द्र से मिलने वाली दवायें इस प्रणाली से बाहर बिक रही दवाओं के मुकाबले 50 से लेकर 80 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं। नड्डा ने वर्ष 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के बजट के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वर्ष 2014 की तुलना में स्वास्थ्य विभाग के बजट में 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 33278 करोड़ रुपये से बढ़कर अब 90958 करोड़ रुपये हो गया है। बहस में शामिल कई सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य बजट को सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत से ऊपर ले जाने के सुझावों के संबंध में कहा कि इस समय स्वास्थ्य विभाग का बजट सकल घरेलू उत्पाद का 1.9 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से 12 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। देश की 40 प्रतिशत आबादी इसके तहत कवर हो रही है। आयुष्मान कार्ड के तहत 48 प्रतिशत लाभार्थी महिलायें हैं।

# अमेरिका में मंदी की आशंका से सेंसेक्स 2,222 अंक गिरा

## 78,759 के स्तर पर बंद, मार्केट कैप ?16 लाख करोड़ घटा, जापानी मार्केट 12.40 टूटा

● नई दिल्ली, एजेंसी

### साल की दूसरी बड़ी गिरावट

**4 जून को सेंसेक्स 5.74% गिरा था, सोमवार को बाजार में 2,222 अंकों (2.74%) की गिरावट रही है। ये इस साल यानी, 2024 की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन यानी, 4 जून को सेंसेक्स 4389 अंक (5.74%) की गिरावट के साथ 72,079 के स्तर पर बंद हुआ था।**

**अमेरिका** में मंदी की आशंका के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज 5 अगस्त को सेंसेक्स 2,222 अंकों (2.74%) की गिरावट के साथ 78,759 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 662 अंक (2.68%) की गिरावट रही। यह 24,055 के स्तर पर बंद हुआ।

सोमवार के कारोबार में निफ्टी रियल्टी, मेटल, सरकारी बैंक और मीडिया इंडेक्स में 4% से ज्यादा की गिरावट रही। वहीं ऑटो, आईटी, और ऑयल एंड गैस इंडेक्स 3% से ज्यादा गिरे। सेंसेक्स के टॉप लूजर्स में टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट, टाटा स्टील, एसबीआई और पावर ग्रिड रहे। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1,718 अंक (3.60%) की गिरावट के साथ 45,956 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 2,297 अंक टूटा है। ये 4.21% गिरकर 52,331 के स्तर पर आ गया। इरए लार्जकैप इंडेक्स 2.77% गिरकर बंद हुआ। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका के कारण ग्लोबल मार्केट में निगेटिव सेंटिमेंट है। इसी का असर भारतीय शेयर बाजार में भी देखने को मिला है। अमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ गई है, जिसके कारण पिछले कारोबारी दिन अमेरिकी बाजार में गिरावट रही। इसका असर दुनियाभर के बाजारों में दिख रहा है। वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने एपल में अपनी 50% हिस्सेदारी बेच दी है। वे अब कैश बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। अन्य बड़े निवेशक भी



सेलिंग कर रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार के मौजूदा वैल्यूएशन बढ़े हुए हैं। खासकर मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में। बाजार में इस कारण अच्छा-खासा करेक्शन दिख सकता है। बैंक ऑफ जापान ने अपनी ब्याज दर 0% और 0.1% से बढ़ाकर 0.25% कर दी है। ये 15 सालों में उच्चतम स्तर है। इससे भी ग्लोबल सेंटीमेंट कमजोर हुए हैं।

एक्सपर्ट के अनुसार इस समय निवेशकों के पोर्टफोलियो में डिफेंसिव स्टॉक जैसे ऋउऋऔर फार्मा शेयर होने चाहिए। आने वाले कुछ समय में बाजार में डोमेस्टिक और ग्लोबल मैक्रो फैक्टर के कारण वोलेटिलिटी (उतार-चढ़ाव) देखने को मिल सकता है ।बिकवाली से मार्केट कैप घटा, निवेशकों की वेल्थ ?16 लाख करोड़ घटी

शेयर बाजार में बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ 16 लाख करोड़ रुपए घट गई। सोमवार, 5 अगस्त को इरए पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 441 लाख करोड़ रुपए हो गया। शुक्रवार को यह लगभग ?457 लाख करोड़ था।

## पड़ोस में हिंसा, सतर्कता-संदेश...

भारत के पड़ोसी देश फिर चाहे पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल या श्रीलंका हों.., ये सभी देश राजनीतिक अस्थिरता के दौर से ही नहीं गुजर रहे है.., बल्कि हिंसक, कट्टरपंथी आंदोलन के साथ ही यहां पर युवा जनसमूह को उग्र आंदोलन की आग में झोंकने का एक साजिशसन खेल लंबे समय से चला आ रहा है... किस तरह से श्रीलंका में आर्थिक कंगाली के चलते आमजनमानस सड़कों पर उतर आया था.., उसने न केवल राज परिवार को घेरा.., बल्कि हिंसक तोड़फोड़ एवं अराजकता को भी अंजाम दिया था... कुछ ही दिन पहले नेपाल में भी राजनीतिक उलटफेर हुआ और सत्तासीन सरकार आई और गई... हालांकि नेपाल में जनांदोलन जैसी स्थिति फिलहाल नहीं है.., लेकिन वह कब अपना रुख बांग्लादेश और श्रीलंका की भांति दिखा दे.., इन सब बातों से सतर्क रहने की सबसे बड़ी आवश्यकता भारत को है.., क्योंकि भारत के इन पड़ोसी देशों में जिस तरह की राजनीतिक अस्थिरता लगातार पसर रही है.., उसका कहीं न कहीं भारत के हितों पर भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से दुष्प्रभाव तो होना ही है... इसलिए इन देशों के आर्थिक हालातों, राजनीतिक, आरक्षण संबंधी निर्णयों एवं कट्टरपंथी तत्वों के आगे सत्ताधीशों का नतमस्तक होना.., किस तरह से किसी भी देश के लिए नासूर बन सकता है यह हम क्रमवार पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल में देख रहे हैं... बांग्लादेश में एक तरह से तख्तापलट हो चुका है.., क्योंकि स्वयं प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने की जानकारी सामने आ रही है... पूरे बांग्लादेश में लूटपाट मची हुई है... जिस तरह से इस पूरी आग को भड़काकर बांग्लादेश को अस्थिरता की आग में झोंका गया.., इसमें कहीं न कहीं अस्थिरत पाकिस्तान की करतूत ही है.., क्योंकि बांग्लादेश के कट्टरपंथी धड़ों का कहीं न कहीं पाकिस्तान से कुछ ज्यादा ही लगाव जुड़ा हुआ है... वैसे तो बांग्लादेश में छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं.., जिसमें अभी तक 300 से अधिक लोगों की जानें जा चुकी हैं... 1971 में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों को 30 प्रतिशत सरकारी नौकरी इस आरक्षण के जरिए दी गई है और पाकिस्तान को तोड़कर बनाए गए बांग्लादेश में इस निर्णय के विरोध में हिंसक आग का बीजारोपण पाकिस्तान की सेना, खुफिया एजेंसी, इंटरसर्विस इंटलीजेंस (आईएसआई) की संलिप्तता स्पष्ट रूप से नजर आ रही है.., क्योंकि बांग्लादेश में आरक्षण के नाम पर जिस तरह का हिंसक आंदोलन 'छात्र शिविर' नामक संगठन चला रहा है और जिस तेजी से हिंसा की आग को पूरे देश में कट्टरपंथी युवाओं द्वारा फैलाया गया.., यह कोई छोटा-मोटा छात्र समूह या सिर्फ आरक्षण का विरोध करने वाला धड़ा नहीं कर सकता... इसमें पाकिस्तान की मौजूदगी के साथ ही जमात-ए-इस्लामिक जो कि बांग्लादेश में प्रतिबंधित संगठन के रूप में है.., उसने भी छात्रों को बरगलाने और भड़काने में कोई कसर नहीं छोड़ी... इस संगठन को भी पाकिस्तान की आईएसआई का खुला समर्थन है... पिछले माह बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का भारत दौरा हुआ था.., उस समय तक बांग्लादेश में स्थिरता का माहौल था.., लेकिन जैसे ही आरक्षण संबंधी यह मामला तूल पकड़ने लगा, कट्टरपंथी धड़ों एवं हिंसक तत्वों ने अपने मंसूबे पूरा करने के लिए पूरे बांग्लादेश को हिंसा व अराजकता की आग में झोंकने से परहेज नहीं किया.., कितने मासूम बच्चे और महिलाओं के साथ ही बच्चियों का जीवन भी इस हिंसक आग में दांव पर लगा है.., क्या इसे कट्टरपंथी कभी भी समझेंगे.., इसलिए कट्टरपंथी तत्वों को हर जगह, हर समय मुंहतोड़ जवाब जरूरी है...

वैश्विक

# सरकार विरोधी आंदोलन से जलता बांग्लादेश



शाहीन सबा

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की मांग पूरी हो गई है, क्योंकि प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह अपने परिवार के साथ किसी सुरक्षित स्थान पर चली गई हैं। वह स्थान भारत भी हो सकता है या भारत वाया अन्य देश भी। खबरें आ रही हैं कि सेना की सलाह पर उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनके सरकारी आवास पर छात्रों ने कब्जा कर लिया है। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन जिस तरह से फैल रहा था, उसके बाद उनके ऊपर हमले की भी आशंका जताई जा रही थी। सेना का एक धड़ा उनसे नाराजगी जाहिर कर रहा था।

शेख हसीना को याद ही होगा कि उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान,मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त,1975 को सेना के एक तख्त पलट अभियान के चलते कत्ल कर दिया गया था ढाका के धनमंडी स्थित आवास में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति वाजिद मियां और दो बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई थीं। वाजिद मियां न्यूक्लियर साइंटिस्ट थे। वे जर्मनी में ही कार्यरत थे। जाहिर है, अपने पद को छोड़ने का फैसला उन्होंने तब ही लिया होगा जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा होगा।

बेशक, बीते रविवार को बांग्लादेश में जिस तरह की हिंसा हुई उसके बाद उनके पास इस्तीफा देने के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं था। फिलहाल बांग्लादेश के हालत बेहद खराब हैं और देश पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में जा चुका है। वहां आगे क्या स्थिति होगी, कोई नहीं कह सकता। वहां पहले ही हिंसा को रोकने के लिए मोबाइल, इंटरनेट सेवाएं पहले ही बंद कर दी गई हैं।

बांग्लादेश के हालिया इतिहास में बीता रविवार सच में खूनी रहा। किसी भी प्रदर्शन में एक ही दिन में मरने वालों की संख्या सबसे अधिक थी। सेना ने घोषणा कर दी थी की है कि राजधानी ढाका और अन्य संभागीय और जिला मुख्यालयों में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लागू होगा। पिछले महीने शुरू हुए प्रदर्शनों के बाद से प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। ये प्रदर्शन छात्रों द्वारा सरकारी नौकरियों में कोटा प्रणाली को समाप्त करने के आह्वान से शुरू हुए थे। हिंसा के बीच, शेख हसीना कह रही थीं कि जो प्रदर्शनकारी तोड़फोड़ में शामिल थे, वे अब छात्र नहीं बल्कि अपराधी हैं।

बहरहाल, शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को व्यापक स्तर पर मिला समर्थन बहुत कुछ कहता है। पड़ोसी देश में पिछले महीने प्रदर्शन शुरू हुए थे जब छात्रों ने एक कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग की थी, जिसके तहत सरकारी नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई में लड़ने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित था। कई दिनों की झड़पों के बाद, देश के सर्वोच्च न्यायालय ने कोटा को कम कर दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारी सरकार द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाते हुए हिंसा के लिए जवाबदेही की मांग करते रहे हैं।



> एक बात साफ है कि बांग्लादेश में आंदोलन नौकरी कोटा को लेकर नहीं रह गया था। लगभग 17 करोड़ की आबादी वाले वाले इस दक्षिण एशियाई देश में प्रदर्शन एक व्यापक सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गए थे।

बांग्लादश में दिव्यांग, ट्रांसजेंडर और जनजातीय अल्पसंख्यकों के सदस्यों के लिए भी नौकरियां आरक्षित हैं, जिनका कोटा 26प्र. से घटाकर 2प्र. कर दिया गया था। बेशक, प्रदर्शन शेख हसीना के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए थे, जो 15 साल से अधिक समय से देश पर शासन कर रही हैं। बीते जनवरी में हुए चुनाव में वह लगातार चौथे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौटी थीं, जिसे उनके मुख्य विरोधियों ने बहिष्कार कर दिया था। तब किसी ने सोचा नहीं था कि फिर से सत्तासीन होने के इतनी जल्दी उनके खिलाफ देश में जनआक्रोश भड़क जाएगा। शेख हसीना के इस्तीफे की मांग करने वाले लाखों प्रदर्शनकारियों ने सरकार की तरफ से आने वाले समझौते के प्रस्ताव को मानने से इंकार कर दिया था। इसलिए लगने लगा था वहां हालात जल्दी सुधरने वाले नहीं हैं।

एक बात साफ है कि बांग्लादेश में आंदोलन नौकरी कोटा को लेकर नहीं रह गया था। लगभग 17 करोड़ की आबादी वाले वाले इस दक्षिण एशियाई देश में प्रदर्शन एक व्यापक सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गए थे।

इसने बांग्लादेश समाज के सभी वर्गों के लोगों को आकर्षित किया, जिसमें फिल्म सितारे, संगीतकार और गायक भी शामिल हैं। अवाम के समर्थन का आव्हान करने वाले रैप गाने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से फैले थे।

शेख हसीना 2009 से बांग्लादेश पर शासन कर रही हैं। उनकी सरकार पर मानवाधिकार समूह सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने और विरोध को कुचलने के लिए राज्य संस्थानों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते रहे हैं, जिसमें विपक्षी कार्यकर्ताओं की न्यायिक हत्या भी शामिल हैं। कहना ना होगा कि भारत सरकार की बांग्लादेश की स्थिति पर पैनी नजर होगी। भारत और बांग्लादेश के संबंध को मजबूत करने में शेख हसीना ने लगातार ठोस पहल की है। भारत सरकार ने पिछले साल जी-20 शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश को मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश तो नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना कि भारत ने उनके देश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया था। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो अपने दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निवार्सित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति और उनके दोनों बच्चे भी थे। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक शरण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां पर उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। हालांकि अभी यह कहना कठिन है कि क्या वो फिर भारत में राजनीतिक शरण ले सकती हैं? उनके और उनके परिवार के लिए उनका देश अब कतई सुरक्षित नहीं है। पर कौन जाने कि वह एक बार भारत में शरण लें।

गोधरा का सच

# गवाक्ष से उठती लपटों में दफन होती संवेदनाएं



शिरोमणि दुबे

देश के इतिहास में कुछ तारीखें ऐसी होती है, जो समाज को लम्बे समय तक प्रभावित करती हैं। अतीत के कुछ पल ऐसे भी होते हैं, जिन्हें याद करके मानवीय संवेदनाएं सिहर उठती हैं, भावनाओं का उद्रेक उबलने लगता है। इतिहास में 27 फरवरी 2002 की मनहूस भोर 59 कारसेवकों के खून से नहा उठी थी। गोधरा रेलवे स्टेशन पर एक हजार से अधिक जिहादियों की हिंसक भीड़ ने साबरमती ट्रेन की 6 बोगी को आग के हवाले कर दिया था। आग की लपटों में लगभग झुलस चुके कारसेवकों की आहें-कराहें धीरे-धीरे खामोश हो रहीं थीं। चश्मदीदों ने अपने बयानों में बताया था कि कारसेवकों के एक साथ जलने से लाशें लोथड़ों में तब्दील हो गईं थीं। एक मां अपने 6 माह के बच्चे को आंचल में छिपाये उसकी सलामती के लिए अंतिम श्वांस तक चीखती रही। मां के हाथों में दुधमुंहे लाड़ले ने कैसे दम तोड़ा होगा, इस दृश्य को याद करके आंसू सूखने लगते हैं। हैवानियत को शर्मसार करने वाली बर्बर-वहसी घटना विश्व इतिहास में मिलना कठिन है।

कारसेवकों का अपराध क्या था? जिसकी उन्हें सजा दी गई और सजा भी इतनी भयानक कि रुह कांप जाए। उनका अपराध केवल इतना था कि राम जन्मभूमि अयोध्या में चल रहे यज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल होकर राम भक्त अपने वतन वापस आ रहे थे। उन्हें नहीं पता था कि 27 फरवरी की भोर उनकी जिंदगी की आखिरी शाम हो जाएगी। गोधरा का एक डरावना सच यह है, जिस गुजरात ने अहिंसा का पाठ पूरी दुनिया को सिखाया, वही अहिंसा की धरती से हिंसा की आसमान छूती लपटों पर आज तक पर्दा डाला जा रहा है। गोपाल की धरती गोधरा पर अबोध-अबोल मासूमों का कत्ल, महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, उन्हें आग में जिंदा झोंक देना किसी कबीलाई उन्माद के सिवाय और क्या हो सकता है।

वाम बिरादरी, कुलांगार कांग्रेसी गाहे-बगाहे, मौकों-चौकों पर गुजरात दंगों के लिए देश के प्रधानमंत्री को गरियाते रहते हैं, उन्हें मौत का सौदागर कहते हैं। लेकिन गोधरा में निरीह कारसेवकों के सामूहिक नरसंहार की बर्बर घटना उन्हें याद नहीं है। वास्तव में गोधरा में हिन्दुओं का सामूहिक नरमेध किसी प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं है। बम-बारूद से ट्रेन को आग में झोंक देना, यह सामान्य घटना नहीं हो सकती है। यह तो हिन्दुओं के विरुद्ध खुल्लम-खुल्ला जिहाद है। इतिहास साक्षी है जहां-जहां इस्लाम गया, वे देश तबाह हो गए। उनकी न भाषा बची, न महापुरुष बचे। मठ-मंदिर ढहा दिए गए। धार्मिक ग्रंथों में आग लगा दी गई।

आज भी इमामों की मस्जिदों से दिए जाने वाले पैगामों की भाषा सुनकर मन आक्रोश से भर जाता है। मस्जिद की तकरीरों में इमाम कहता है- इस देश के असली मालिक हम हैं। हमने हिन्दुओं को 800 वर्षों तक बूट की ठोकरों से दबाकर रखा था। आज भी इस देश में मजहबी गुण्डे- 'हिन्दू तेरी कब्र खुदेगी एएमयू की धरती पर', जैसे जहरीले नारे ठोकते हैं। इन मुजाहिदीनों के लिए 'भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशा अल्ला, इंशा अल्ला' जैसे भड़काऊ नारे केवल गीत की पंक्तियां नहीं है। यह इस्लाम का घोषित एजेंडा है। उलेमाओं-आकाओं का स्पष्ट मानना है, जिस दिन हम 30 प्र. होंगे तब इस देश के पण्डे-पुजारी, बुत परस्त काफिर हिन्दू जान बख्सने के लिए इमामों की दाढ़ियों को बुहारते मिलेंगे।

मैं आज देश के वर्तमान हालात को बयां करते सहम जाता हूं। 9 प्रदेशों, 50 जिलों, 300 तहसीलों में हिन्दुओं का अल्पसंख्यक हो जाना, वहां निरंतर पलायन की घटनाओं से देश की जो भयावह तस्वीर उभर रही है, वह किसी गहरे संकट की ओर इशारा करती है। गोधरा स्टेशन पर जिस प्रकार राम भक्तों को जलाया गया। मूवी 'एक्सीडेंट या कांस्पीरेसी गोधरा' का ट्रेलर देखने के बाद घटना की वीभत्सता का अनुमान लगाना कठिन नहीं है। मूवी काल्पनिक कहानी नहीं है, यह वास्तविक घटना है, जिसे पर्दे पर दिखाया गया है। एम.के. शिवाक्ष, डेनिशा घुमरा, हितु कनोडिया तथा पूरी टीम ने देश विरोधी साजिश को बेपर्दा करने की कोशिश की है। अखबारों की सुर्खियां, चश्मदीदों के बयान घटना की बर्बरता का स्वयं ही वर्णन करते हैं। तत्कालीन रेल मंत्री लालूप्रसाद यादव और उनके द्वारा गठित बनर्जी कमीशन ने मजहबी गुण्डों को दोषी मानने से ही इंकार कर दिया था। वाह री राजनीति! लाशें हिन्दुओं की गिरती हैं तो चर्चा नहीं होती और मुसलमानों को खरोंच भी लग जाए तो इस देश का सेकुलर ईकोसिस्टम अल्पसंख्यक बिरादरी की मातम पुरसी के लिए आसमान सिर पर उठा लेता है। राजनीति के कितने रंग होते हैं? किसी शायर ने लिखा है-

**अरे सियासी भेड़ियों, थोड़ी तो गैरत जरूरी है।**
**तवायफतक किसी मौके पे घुंघरू तोड़ देती है।।**

धन्यवाद शिवाक्ष जी, डेनिशा जी, हितु जी, रणवीर जी। साधुवाद पूरी टीम के लिए और आभार इसलिए भी क्योंकि हिंदू नरसंहार की इस हृदय विदारक घटना को जब देश लगभग भूल चुका था, यह मूवी उस दरिंदगी की याद दिलाती है। कश्मीर, मुंबई, उदयपुर, संदेशखाली, कैराना, गोधरा की घटनाएं अलग-अलग दिखती होंगी लेकिन सभी के पीछे एक ही जिहादी मानसिकता है, देश विरोधी साजिश है। देर से ही सही, मूवी को देखने के बाद वर्तमान पीढ़ी गोधरा के दर्द को जरूर महसूस करेगी। इतिहास की प्रत्येक घटना कुछ कहती है, संदेश भी देती है लेकिन हमने यह मान लिया है कि अतीत में घटी घटनाओं को कुरेदने से समुदायों के बीच नफरत पैदा होती है। इसलिए हम इन घटनाओं की सच्चाई को जानना नहीं चाहते हैं। साजिशों-षड्यंत्रों की इबारत को पढ़ना भी नहीं चाहते। इतिहास गवाह है, जब हमने देश के खिलाफगद्दारी करने वालों को भुला दिया, उन्हें माफ कर दिया। वे नस्लें, मुल्क इतिहास से मिट गए। सिकंदर से गौरी, गजनी तथा बाद में डच, फ्रेंच, पुर्तगाली, ब्रिटिशर्स के हमलों के पीछे की गर्हित मानसिकता-मर्म को हमें समझना ही होगा। अन्यथा देश के बिखराव के लिए हम सब जिम्मेदार होंगे। जब हस्तिनापुर पर संकट हो तब कृष्ण को सुदर्शन उठाना ही पड़ता है। जो शास्त्रों की भाषा नहीं समझते, शांति की भाषा जिन्हें सुहाती नहीं, उन्हें शस्त्रों की भाषा में समझाने का समय आ गया है-

**अज्ञानी मानव को हमने,**
**दिव्य ज्ञान का दान दिया था**
**अम्बर के ललाट को चूमा,**
**अतल सिंधु को छान लिया था।**
**साक्षी है इतिहास प्रकृति का,**
**तब से अनुपम अभिनय होता है**
**पूरब में उगता है सूरज,**
**पश्चिम के तम में लय होता है।।**

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

सामयिक

# जम्मू-कश्मीर में चुनावी पगध्वनि



उमेश चतुर्वेदी

5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए खत्म करने के साथ ही आजादी के बाद सही मायनों में देश कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक हो गया। इसके पहले जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वजह से भारत के संविधान के कई कानून और व्यवस्था वहां लागू नहीं होते थे। इसकी वजह से जम्मू-कश्मीर देश के बाकी राज्यों की तरह विकास के मोर्चे पर आगे नहीं बढ़ पा रहा था। सीमा पार से वहां आतंकी गतिविधियां संचालित रहती थी। गोलियां चलने और बम विस्फोट की आवाजें वहां आम थीं। आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी जैसी गतिविधियां वहां रोज का हिस्सा थीं। निर्दोष नागरिकों की हत्याएं वहां दैनिक कार्य बन गई थीं। मोदी सरकार के अनुच्छेद 370 को खत्म करने के ऐतिहासिक फैसले से राज्य में आतंकवाद की कमर टूट गई, पत्थरबाजी खत्म हो गई और घाटी में पर्यटन का बहार फिर आ गया। अगले कुछ दिनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा का चुनाव होने वाला है। अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद वहां अब हर पांच साल में अन्य राज्यों की तरह विधानसभा का चुनाव हो सकेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार अगले कुछ दिनों में जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाने वाले हैं। सरकार का कहना है कि सितंबर 2024 के अंत तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा का गठन करना पीएम मोदी का वादा भी है और सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी है। हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि चुनाव के बाद राज्य में सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को भी हटा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार और गृह मंत्रालय ने इसकी पूरी कार्य योजना बना ली है। अमित शाह कहना है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस को मजबूत बनाया जाएगा। केंद्रीय बल उनको पीछे से सहयोग करेंगे। हाल के दिनों में कुछ आतंकी घटनाएं हुई हैं और निर्दोष लोगों की जानें गई। सुरक्षाबलों के कुछ बहादुर जवान बलिदान हुए हैं। ये घटनाएं आतंकियों की हताशा का नतीजा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के रियासी इलाके में आतंकियों ने श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस पर हमला कर दिया था। इसमें 10 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। इससे कुछ दिन पहले पहलगाम में भी एक टूरिस्ट बस पर आतंकी हमला हुआ था। इसको लेकर विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा था। सरकार ने इन घटनाओं को गंभीरता से लिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का दावा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद की जड़ें उखाड़ देने और नामोनिशान मिटा देने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है है। सरकारी अधिकृत रिकार्ड के अनुसार जम्मू-कश्मीर में पहले जहां पत्थरबाजी की घटनाओं में सैकड़ों लोग मारे जा रहे थे और सुरक्षा बलों पर हमले हो रहे थे, उसमें अब 80-85 फीसदी की कमी आई है। साल 2023 के बाद से पत्थरबाजी की अब तक एक भी घटना नहीं हुई है। सरकार का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद 70 फीसदी तक कम हो चुका है। अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद मोदी सरकार ने घाटी में पुरानी सभ्यता और संस्कृति को फिर से जीवित करने के लिए बड़ी योजना पर काम शुरू किया। इसके तहत आस्था के केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों को नया रूप दिया गया। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के मेले और महोत्सव लगाए गए। ये मेले और महोत्सव आतंकवाद पनपने के कारण सालों से बंद थे। 2023 में नियंत्रण रेखा के पास स्थित मां शारदा देवी मंदिर का नवनिर्माण कराकर आजादी के बाद पहली बार पूजा के लिए खोला गया। वर्षों से बंद खीर भवानी मंदिर में फिर से दर्शन-पूजन का काम शुरू हुआ। खीर भवानी का मेला लगाया गया। इसमें पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे और उसमें शामिल हुए। सरकार ने 123 पुराने स्थलों का व्यवस्थित रूप से जीर्णोद्धार और मरम्मत कराकर जनता के लिए फिर से खोल दिया। इसमें मंदिर और सूफी स्थान भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक हजरत बल दरगाह के विकास के लिए 42 करोड़ रुपए दिए। राज्य में जगह-जगह मेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। 2023 में देशभर के कलाकारों को एक जगह बुलाने और अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए सरकार ने वितस्ता महोत्सव का आयोजन किया। इसने एक-दूसरे के साथ समन्वय करके घाटी को नई ऊर्जा प्रदान की। इससे स्थानीय कला को भी बढ़ावा मिला और पर्यटकों के आने से घाटी के लोगों को रोजगार मिला। उनकी आय बढ़ी, उनके बनाए हुए उत्पादों की बिक्री बढ़ी, इससे उनको ऐसे उत्पादों को बनाने के लिए नए आर्डर मिले। सबसे बड़ी बात यह है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद राज्य में पंचायती राज अधिनियम 1989 को लागू किया गया। इसके तहत लोकतंत्र के तीनों स्तरों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को लागू करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाना उद्देश्य था। यह बड़ी बात थी कि जम्मू-कश्मीर के इतिहास में पहली बार ब्लाक परिषद के चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान बिना हिंसा के हुआ। यह एक उपलब्धि है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

नमो बजट - विकसित भारत 2047 की संकल्पना

# वैश्विक तीसरी अर्थव्यवस्था का प्रतिबिम्ब बजट



सत्येंद्र जैन

भाजपा की मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट वर्ष 2024- 25 संसद के पटल पर प्रस्तुत किया गया है। यह बजट विकसित भारत के ऊषा काल का बजट है। वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र हो जाएगा। वर्तमान में भारत विश्व में पांचवीं आर्थिक शक्ति संपन्न देश है। भारत आगामी दो-तीन वर्ष में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कुशल वित्तीय सुप्रबंधन का सुफल है कि यह सर्व समावेशी बजट है ।भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर,निवेश को बढ़ाने के साथ-साथ सभी के लिए लोक मंगलकारी बजट है। मोदी सरकार ने देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। 48.21 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रस्तुत किया है। जो पिछले दस सालों में लगभग चौगुना हो गया है। बजट में यह चमत्कारिक वृद्धि भाजपा की मोदी सरकार के उत्तरोत्तर विकास को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भागीरथी परिश्रम,अर्थशास्त्रीय सुधारों के कारण दस वर्ष में ही भारत की जीडीपी ,सकल घरेलू उत्पाद भी लगभग तीन गुना बढ़ा है। अंतरिम बजट प्रस्तुति के समय भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुयोग्य वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनावी वर्ष होने के उपरांत भी पूंजीगत व्यय को पिछले वर्ष से बढ़कर 11.1111 लाख करोड़ रुपए से अधिक किया है। अधोसरंचना विकास में सरकार पिछले वर्ष की तुलना में 11.11 प्रतिशत अधिक राशि व्यय करने जा रही है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है। यह मोदी सरकार का साहस है जो चुनावी वर्ष होते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर पर पहले अंतरिम बजट और अभी आम बजट में सर्वाधिक धनराशि व्यय कर रही है। यही कारण है कि देश की जनता ने मोदी सरकार को विजयश्री का आशीर्वाद दिया। एनडीए की सरकार तीसरी बार बनी है। अधिक पूंजीगत व्यय से ही भारत का वास्तविक, शाश्वत विकास संभव है। रोजगार के असंख्य अवसर उपलब्ध होते हैं। यह बजट गरीबों,युवाओं, किसानों, महिलाओं और मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है। सर्वसमावेशी बजट प्रस्तुत करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अभिनंदन है। यह आम बजट निश्चित ही विकसित भारत की संकल्पना को सिद्ध करेगा।



इस बजट में राजस्व सहित कुल प्राप्तियों का अनुमान 32.07 लाख करोड़ रुपए है। सकल कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़ रुपए है। राजकोषीय घाटा जीडीपी के सापेक्ष 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सरकार का लक्ष्य अगले वित्तीय वर्ष में 4.5 प्रतिशत रखना है। अर्थव्यवस्था की आशा से अधिक विकास दर 8.2 प्रतिशत प्राप्त होने से संभव हुआ है। मुद्रा स्फीति 4.56 प्रतिशत रही है। अगले वित्त वर्ष में 4 प्रतिशत से कम लाने का लक्ष्य है। खाद्य और ईंधन को छोड़कर कोर मुद्रा स्फीति 3.1 प्रतिशत रही है। इस बजट में रोजगार कौशल एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर विशेष ध्यान सरकार ने दिया है।

विकसित भारत की 9 बजट प्राथमिकताएं हैं,स्तम्भ हैं, जो इस प्रकार हैं- 1 कृषि में उत्पादकता और अनुकूलता, 2 रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, 3 समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, 4 विनिर्माण और सेवाएं, 5 शहरी विकास, 6 ऊर्जा सुरक्षा, 7 अवसरंचना, 8 नवाचार अनुसंधान और विकास, 9 अगली पीढ़ी के सुधार। **(लेखक स्तंभकार हैं)**

## पदकतालिका

| स्थान देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 21 | 17 | 14 | 52 |
| 2. अमेरिका | 19 | 29 | 27 | 75 |
| 3. ऑस्ट्रेलिया | 13 | 11 | 8 | 32 |
| 4. फ्रांस | 12 | 15 | 18 | 45 |
| 5. साउथ कोरिया | 11 | 8 | 7 | 26 |
| 59. भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

## सार संक्षेप

### द. कोरिया की एन से यंग ने जीता महिला एकल का स्वर्ण पदक



**पेरिस** : दक्षिण कोरिया शीर्ष रैंक की शटलर एन से यंग ने पेरिस ओलंपिक में महिला एकल बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले में चीन की हे बिंगजियाओ को 21-13, 21-16 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। ला चैपल एरिना में सोमवार को 52 मिनट तक चले मुकाबले में 22 वर्षीय दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ने चीन की बिगजियाओ को हराकर मुकाबला अपने नाम किया। इस हार के साथ हे बिजियाओ को रजत पदक से संतोष करना पड़ेगा जबकि ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने कांस्य पदक जीता क्योंकि कैरोलिना मारिन की चोट के कारण रविवार को उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। एन से यंग ओलंपिक में महिला एकल का स्वर्ण पदक जीतने वाली केवल दूसरी दक्षिण कोरियाई शटलर हैं। बैंग सू-हून ने अटलांटा 1996 में खिताब जीता था।

### किरण पहल ने महिलाओं की 400 मीटर रेपेचेज में जगह बनाई

**पेरिस** : भारतीय धाविका किरण पहल ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा के पहले दौर में हीट 5 में शानदान प्रदर्शन करते हुए रेपेचेज में जगह बना ली है। यहां स्टेड डी फ्रांस में किरण ने 52.51 सेकेंड का समय के साथ अपनी हीट में सातवें और कुल मिलाकर 39वें स्थान पर रहीं। हालांकि किरण पहल सोमवार को सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाईं, लेकिन आज रेपेचेज राउंड में उनके पास एक और मौका होगा। महिलाओं का 400 मीटर रेपेचेज राउंड मंगलवार को होगा।

### निशा महिला 68 किग्रा कुश्ती के क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस** : भारतीय पहलवान निशा दहिया ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में महिला 68 किग्रा फ्री स्टाइल कुश्ती के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में यूक्रेन की तेतियाना सोवा को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। निशा ने ओलंपिक में पर्दापण करते हुए चैंप डी मार्स एरिना में 6-4 से जीत हासिल की और अब वह आज क्वार्टर फाइनल में मुकाबला करेंगी। पहले पीरियड के बाद सोवा 4-1 से आगे थीं, हालांकि निशा ने दूसरे में पांच अंक बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। निशा का अंतिम आठ में उत्तरी कोरिया की पाक सोल गम से मुकाबला होगा।

### तेलंगाना के अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल पेरिस रवाना

**हैदराबाद** : तेलंगाना के खेल अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को ओलंपिक 2024 खेलों का दौरा करने के लिए पेरिस रवाना हुआ। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निर्देशों के बाद प्रतिनिधिमंडल में तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष के शिवसेन रेड्डी, सरकारी सलाहकार (खेल) जितेन्द्र रेड्डी, विधान परिषद के सदस्य महेश कुमार गौड़, वीसी और एमडी ए सोनी बालादेवी-आईएफएस, एन प्रकाश रेड्डी-आईपीएस, पूर्व केंद्रीय मंत्री एस वेणुगोपाल चारी और एम रविंदर रेड्डी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य खेल स्टेडियमों, ओलंपिक प्रतियोगिताओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना और भविष्य में ओलंपिक के आयोजन की संभावनाओं का पता लगाना है। प्रतिनिधिमंडल खेल विकास को प्राप्त करने के लिए विभिन्न देशों द्वारा अपनाई गई नीतियों की जांच करेंगे और पदक तालिका में उनकी सफलता में योगदान देने वाले कारकों का विश्लेषण करेंगे। प्राधिकरण के अध्यक्ष रेड्डी और प्रबंध निदेशक ए सोनी बालादेवी ने कहा कि यह दौरा तेलंगाना में खेलों के विकास के लिए आवश्यक उपायों की पहचान करने में मदद करेगा। उनका मानना है कि प्राप्त अंतर्दृष्टि राज्य के लिए एक मजबूत खेल नीति बनाने में योगदान देगी। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि यह दौरा तेलंगाना में सर्वश्रेष्ठ खेल नीतियों को लाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है जिसका उद्देश्य खेल विकास को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर राज्य के प्रदर्शन को बढ़ाना है।

# भारत की उम्मीदों को झटका


## लक्ष्य सेन और भारतीय स्कीट मिश्रित टीम कांस्य पदक से चूकी





● पेरिस,

**भारतीय** स्टार शटलर लक्ष्य सेन सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में बैंडमिंटन के पुरुष एकल कांस्य पदक मैच में हारकर पदक से चूक गए। यहां खेले गये कांस्य पदक मुकाबले में लक्ष्य को ली जी जिया से 21-13, 16-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। सातवीं वरीयता प्राप्त ली जी जिया पहला गेम हार गए लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अगले दो गेम आसानी से अपने नाम कर लिए। इस हार के बावजूद लक्ष्य ने ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल बैडमिंटन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। इससे पहले भारत की अनंत जीत सिंह नरूका और महेश्वरी चौहान की स्कीट मिश्रित टीम सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के कांस्य पदक मुकाबले में एक अंक के अंतर से हारकर पदक से चूक गयी। यहां हुए स्कीट मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच में भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका को चीन के जियांग यितिंग और ल्यू जियानलिन के खिलाफ 43-44 से शिकस्त मिली। मैच की शुरुआत में चीन के जियांग यितिंग ने लगातार तीन हिट गंवा दिए। हालांकि, भारतीय निशानेबाज इसका फायदा नहीं उठा सके। महेश्वरी की एक चूक को छोड़कर पिछले 48 शॉट्स में से कुल 47 शॉट सफल रहे, जिसके चलते चीन ने प्रतियोगिता जीत ली और कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले भारत की अनंत जीत सिंह नरूका और महेश्वरी चौहान की स्कीट मिश्रित टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालिफिकेशन राउंड में 146/150 का स्कोर बनाया, जहां महेश्वरी ने अपने अंतिम दो राउंड में 50/50 का स्कोर किया। इस बीच नरूका ने तीन राउंड में 25, 23 और 24 का स्कोर बनाया।



**फ्रांस में पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में एथलेटिक्स की महिलाओं की 200 मीटर रेपेचेज राउंड के दौरान प्रतिस्पर्धा करती ऑस्ट्रेलिया की टोरी लुईस (दाएं से प्रथम) और स्पेन की जैल बेस्टयू (दाएं से द्वितीय)**



# अमेरिका को 20 साल बाद 100 मीटर में गोल्ड

● पेरिस,

**अमेरिका** के स्प्रिंटर नोआ लायल्स ने पेरिस ओलंपिक में एथलेटिक्स की मेंस 100 मीटर रेस का गोल्ड जीत लिया है। उन्होंने 9.79 सेकेंड में दौड़ पूरी की। इसी के साथ यूएसए ने 20 साल बाद ओलंपिक की 100 मीटर रेस का गोल्ड हासिल किया। 2004 के एथेंस ओलंपिक में अमेरिका के जस्टिन गैटलिन ने इस कैटेगरी का गोल्ड जीता था।

रात जमैका के किशाने थॉम्पसन (9.79 सेकेंड) ने सिल्वर और यूएसए के फ्रेड कर्ली (9.81 सेकेंड) ने ब्रॉन्ज हासिल किया। लायल्स ने 9.79 (.784) सेकेंड और थॉम्पसन ने 9.79 (.789) सेकेंड में रेस पूरी की। ओलंपिक मेडल टैली में अमेरिका की टीम 19 गोल्ड, 26 सिल्वर और 26 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नंबर वन है। दूसरे नंबर पर चीन और तीसरे नंबर पर फ्रांस है। भारत 3 मेडल की साथ 57वें स्थान पर है। मनु भाकर ने विमेंस इंडिविजुअल 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट, मनु और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीते। साथ ही स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में ब्रॉन्ज दिलाया। साल 2017 में नोआ ने 200 मीटर रेस में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। इसके बाद साल 2019 में उन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में 200 मीटर और 4 .100 मीटर रिले में गोल्ड मेडल जीता। साल 2020 में टोक्यो ओलंपिक में नोआ ने 200 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल जीता। साल 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में 200 मीटर में गोल्ड और 4 गुणा 100 मीटर रिले सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने साल 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर रिले में गोल्ड जीता।

### पेरिस ओलंपिक में लायल्स ने 9.79 सेकेंड में दौड़ पूरी की, जमैका के थॉम्पसन को सिल्वर

# हॉकी सेमीफाइनल में भारत के सामने जर्मनी की कड़ी चुनौती

**पेरिस, वार्ता** : भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में मेडल जीतने के बेहद करीब पहुंच गई है। उसने रविवार को बेहद रोमांचक मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने ब्रिटेन को 1-1 की बराबरी के बाद शूटआउट में 4-2 से हराया। आज सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा, जिसने क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना को 3-2 से शिकस्त दी। दूसरे सेमीफाइनल में नीदरलैंड का मुकाबना स्पेन से होगा।

जर्मनी ने ग्रुप ए में अपने चारों मैच जीते थे। उसने अपने ग्रुप में स्पेन को छोड़कर हर किसी को हराया था। फ्रांस के खिलाफ तो उसने 8 गोल ठोक दिए थे। दक्षिण अफ्रीका को 5-1 से धुना था। भारत ने जिस ग्रेट ब्रिटेन को शूटआउट में हराया है, उसे जर्मनी ने 2-1 से मात दी थी। कुल मिलाकर जर्मनी पेरिस ओलंपिक में बेहतरीन फॉर्म में है और भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए तगड़ा खेल दिखाना होगा। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि वह पिछला मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलकर जीती है। ऐसी जीत किसी भी टीम का हौसला बुलंद कर देती है। एक और हौसला बढ़ाने



वाली बात यह है कि भारत ने टोक्यो ओलंपिक में जर्मनी को हराकर ही ब्रॉन्ज मेडल जीता था। यानी जर्मनी और भारत दोनों के पास बुलंद हौसले के साथ उतरने की अपनी वजह हैं और मुकाबला जोरदार होने की उम्मीद की जा सकती है। भारत और जर्मनी का यह मुकाबला, आज शाम 7 बजे (भारतीय समय) खेला जाएगा। टीवी पर इसका सीधा प्रसारण स्पोर्ट्स 18 के चैनलों पर देखा जा सकेगा।


# महिला टेटे टीम क्वार्टर फाइनल में

### भारतीय टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल में रोमानिया को 3-2 से हराया

**पेरिस, वार्ता** : भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरुआत रोमानिया पर जीत के साथ की है।

साउथ पेरिस एरिना में खेले गए रोमांचक राउंड ऑफ-16 मुकाबले में भारतीय टीम ने रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

अर्चना कामथ और श्रीजा अकुला ने महिला राउंड ऑफ 16 टेबल टेनिस मुकाबले के पहले मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा को 11-9, 12-10, 11-7 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद मनिका बत्रा ने रोमानिया की बर्नडेट स्जोक्स के खिलाफ 11-5, 11-7, 11-7 से जीत दर्ज की और भारत को 2-0 से आगे कर दिया। इस दौरान तीसरे गेम में




श्रीजा अकुला को रोमानिया की एलिजाबेटा समारा के खिलाफ पांच गेम में हार का सामना करना पड़ा। यूरोपीय चैंपियन समारा की 8-11, 11-4, 7-11, 11-6, 11-8 की जीत ने रोमानिया को मुकाबले में बने रहने में मदद की। इसके बाद भारत की बढ़त को 2-1 रह गई। चौथे गेम में रोमानिया की बर्नडेट स्जोक्स ने अर्चना कामथ के खिलाफ 11-5, 8-11, 11-7, 11-9 से जीत दर्ज की। लगातार दूसरी जीत से रोमानियाई टीम ने भारत के खिलाफ स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया। इसके बाद मनिका बत्रा ने पांचवें गेम में रोमानिया की एडिना डायकोनू पर 11-5, 11-9, 11-9 से जीत हासिल कर। भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। अब क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला अमेरिका या जर्मनी से होगा।

# भारत की ध्वजवाहक होंगी मनु भाकर

## निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीते, 11 अगस्त को होगी क्लोजिंग सेरेमनी

● पेरिस,

**डबल** ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर पेरिस ओलंपिक के क्लोजिंग सेरेमनी में भारत की ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईएओ) के एक अधिकारी ने बताया कि हां मनु को ध्वजवाहक चुना गया है। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और वह इस सम्मान की हकदार हैं।

हरियाणा के झज्जर की रहने वाली मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में इतिहास रच दिया है। मनु ने महिला इंडिविजुअल 10 मीटर एयर पिस्टल में और मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज जीते थे। वे एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। मनु ने अपने दोनों मेडल के साथ अपनी यह फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। वहीं मनु पेरिस ओलंपिक में 25 मीटर पिस्टल इवेंट में मेडल से चूक गई। वे विमेंस की 25 मीटर पिस्टल इवेंट में चौथे स्थान पर रहीं। वे हंगरी की वेरोनिका के साथ तीसरे पोजीशन के लिए हुए शूटऑफ में हारकर



बाहर हो गईं। 8 सीरीज में मनु सिर्फ एक ही बार 5 में से 5 शॉट्स लगाने में कामयाब रही। उन्होंने कुल 40 में से 28 शॉट्स लगाए। इसी के साथ उनका पेरिस ओलंपिक में मेडल की हैट्रिक लगाने का सपना अधूरा रह गया। एक वक्त ऐसा था, जब मनु भाकर शूटिंग छोड़ना चाहती थी। 2021 के टोक्यो ओलंपिक में मनु क्वालिफाइंग राउंड में थीं। तभी उनकी पिस्टल खराब हो गई। जिस वजह से वह फाइनल की रेस से बाहर हो गईं। इसके बाद मनु ने शूटिंग छोड़ने का इरादा कर लिया। तब उनके पिता रामकिशन भाकर और मां सुमेधा भाकर ने उसे मोटीवेट किया। भारत 3 मेडल की साथ 57वें स्थान पर है। मनु भाकर ने विमेंस इंडिविजुअल 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट, मनु और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीते। साथ ही स्वप्निल ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में ब्रॉन्ज दिलाया।

### मनु ने महिला इंडिविजुअल 10 मीटर एयर पिस्टल में और मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज जीते

## मांडविया और सिंधिया ने पेरिस ओलंपिक के लिए स्मरणीय डाक टिकट किए जारी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और केंद्रीय संचार और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने 33वें ओलंपिक पेरिस 2024 के उपलक्ष्य में सोमवार को संयुक्त रूप से स्मरणीय डाक टिकट जारी किए। यहां आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि खेल केवल एक स्पर्धा नहीं हैं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका होते हैं। इन डाक टिकटों का जारी होना खेलों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय गौरव और एथलीटों के लिए प्रोत्साहन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि खेल एक स्वस्थ राष्ट्र को बढ़ावा देते हैं जो कि धन और समृद्धि के लिए आवश्यक है। खेल लोगों को एक साथ लाते हैं, जिससे व्यक्तिगत फिटनेस और राष्ट्रीय कल्याण दोनों में वृद्धि होती है। सरकार का प्राथमिक ध्यान एथलीटों पर रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)